हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## हरिभूमि-आईएनएच की खबर का बड़ा असर...

- जब्त किया गाड़ियों का लॉक
- आरपीएफ के पास ही रहेगा नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लॉक लगाने का अधिकार
- पहुंचे कलेक्टर, एसपी, अपर कलेक्टर, निगम आयुक्त के साथ रेलवे अधिकारी
- जिला प्रशासन और रेलवे के अधिकारियों के बीच एक घंटे चली हाईलेवल मीटिंग

# स्टेशन में नहीं लगेगा 'लॉक', पार्किंग में आरपीएफ की तैनाती सीनियर डीसीएम और एसपी-कलेक्टर ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रेलवे स्टेशन में नो पार्किंग में चालान का हक आरपीएफ से छीनकर ठेकेदार को सौंपा, शीर्षक से हरिभूमि ने बुधवार के अंक प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे के साथ जिला प्रशासन ने भी इस मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से ठेकेदार से गाड़ियों का लॉक जीआरपी ने जब्त कर लिया है। अब पार्किंग ठेकेदार और उसके कर्मचारी यात्रियों की गाड़ियों में लॉक नहीं लगा पाएंगे। खबर प्रकाशित होने के बाद बुधवार की शाम 4 बजे पार्किंग व्यवस्था को आप जनता के लिए बेहतर बनाने कलेक्टर, एसपी, अपर कलेक्टर, नियम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ के साथ रेलवे के उच्च अधिकारी के बीच हुई हाईलेवल मीटिंग हुई। इस बैठक में लगातार यात्रियों की ओर से आ रही शिकायतों और समाधान पर चर्चा हुई।

हरिभूमि लगातार

एक घंटे तक चली बैठक के बाद सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने स्पष्ट कर दिया कि अब स्टेशन में गाड़ियों पर लॉक ठेकेदार के द्वारा नहीं लगाया जाएगा। इसके साथ ही नो पार्किंग में गाड़ियों पर लॉक लगाने का अधिकार आरपीएफ के पास ही रहेगा। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने हरिभूमि में प्रकाशित खबर पर भी रेलवे की अधिकारियों से चर्चा की। बैठक के बाद कलेक्टर गौरव सिंह और एसपी संतोष सिंह ने कहा कि अब अगर पार्किंग कर्मचारियों की ओर यात्रियों से दुर्व्यवहार या फिर गुंडागर्दी करने की शिकायत मिली तो जिला पुलिस कार्रवाई करेगी। अब किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## यात्रियों से दुर्व्यवहार या फिर गुंडागर्दी करने की अब मिली शिकायत तो जिला पुलिस करेगी कार्रवाई



रेल अधिनियम 1989 के 159 एक्ट के तहत नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर जुर्माना लगाने का अधिकार है आरपीएफ को

रायपुर रेल मंडल पहला, जिसने नो पार्किंग पर चालान का हक आरपीएफ से छीनकर ठेकेदार को सौंपा

यात्री से समझौता कर पार्किंग कर्मचारी बिना पर्ची के 50 रुपए में छोड़ रहे

रेलवे और पार्किंग संचालक के बीच पारदर्शिता नहीं

नियम से आरपीएफ भी सहमत नहीं

समाधान निकाला जाएगा

ठेकेदार को जिम्मेदारी



### रेलवे आरपीएफ और जीआरपी की लेगी मदद

बैठक ने जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि पार्किंग व्यवस्था को लेकर लोगों की ओर से काफी शिकायत मिली है। कलेक्टर और एसपी ने कहा कि स्टेशन का माहौल सही करने की आवश्यकता है ताकि जो लोग यहां आने पर अच्छा महसूस हो। बैठक ने रेलवे के उच्च अधिकारियों ने कहा कि पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने हम आरपीएफ और जीआरपी की मदद लेंगे, जिस पर जिला प्रशासन ने इसे सही निर्णय बताया। एसपी और कलेक्टर ने स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया।




### फ्लैक्स होर्डिंग में लिखे जाएंगे नो-पार्किंग के नियम

रेलवे ने टेंडर में नो- पार्किंग में खड़ी गाड़ियों से शुल्क वसूलने की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन बैठक के बाद जिला प्रशासन और रेलवे ने तय किया है कि नो-पार्किंग में गाड़ियों को एक्ट 159 के तहत लॉक आरपीएफ ही लाएगी। बैठक में 10 बड़े फ्लैक्स होर्डिंग में लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे स्टेशन परिसर में नो-पार्किंग के नियम और शुल्क वसूले जाने की पूरी राशि और जानकारी उस फ्लेक्स में होगी।

### स्टेशन परिसर में बनेगा बूथ

रेलवे स्टेशन में मुख्य गेट के पास एक बूथ बनाया जाएगा, जिसमें रेलवे के कमर्शियल इंस्पेक्टर के साथ आरपीएफ और जीआरपी भी बैठेगी। यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि यात्री और ठेकेदार कर्मचारी के बीच विवाद की स्थिति निर्मित न हो। यात्रियों की समस्या का तत्काल समाधान किया गया। बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए अब आरपीएफ और जीआरपी भी पार्किंग व्यवस्था की निगरानी करेगी।

### लॉक जब्त कर लिया है

*स्टेशन परिसर में अब गाड़ियों लॉक नहीं होगी। बैठक के बाद जीआरपी ने सभी लॉक जब्त कर लिया है। पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ शिकायतों के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई है। जल्द ही हम कुछ नियमों में बदलाव कर आम यात्रियों के लिए पार्किंग सिस्टम के बेहतर बनाएंगे।*

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल

### जल्द सिस्टम में सुधार दिखेगा

*रेलवे स्टेशन में पार्किंग सिस्टम को लेकर यात्रियों की ओर से जो शिकायत थी उसे दूर करने के रेलवे के अधिकारियों से चर्चा हुई। जल्द ही आपको पार्किंग सिस्टम में सुधार देखने को मिलेगा।*

**- गौरव सिंह,** कलेक्टर, रायपुर

### अब सीधे होगी कार्रवाई

*बैठक में तय हुआ है कि अब अगर रेलवे ठेकेदार व कर्मचारियों की गुंडागर्दी या फिर दुर्व्यवहार की शिकायत मिली तो जिला पुलिस सीधे कार्रवाई करेंगी। हम चाहते है रेलवे स्टेशन में आ रहे लोगों को अच्छा फील हो। बैठक में समस्या के समाधान पर चर्चा हुई है।*

**- संतोष सिंह,** एसपी, रायपुर


## खबर संक्षेप

### चरित्र शंका पर पत्नी पर जानलेवा हमला

**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने चरित्र संदेह पर पत्नी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक भनपुरी निवासी लीलाधर वर्मा को पत्नी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। लीलाधर का मंगलवार को अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद लीलाधर ने लकड़ी के बत्ते से अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पड़ोसियों की शिकायत पर पुलिस ने लीलाधर को गिरफ्तार कर लिया है।

### गबन का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने गबन के आरोपी को सारंगढ़-बिलाईगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गबन के आरोप में दिलीप चौहान को गिरफ्तार किया है। दिलीप के खिलाफ सिस्टम टू साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (हेल्थ पोटली) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अंकुर कांत सिंघल ने दो वर्ष पूर्व शिकायत दर्ज कराई थी। अंकुर ने पुलिस को बताया है कि दिलीप उनकी कंपनी में कैशियर का काम करता था, जिसने कंपनी के अकाउंट में गड़बड़ी कर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की है।



### दुकान की खिड़की तोड़कर चोरी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना में एक पेंट कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपनी दुकान के काउंटर में रखे एक लाख 40 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक अवंति विहार में पेंट का कारोबार करने वाले ज्ञानेश्वर गुप्ता ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

शाम होते ही कई शहरों में बारिश

## चालीस के इर्द-गिर्द घूमता रहेगा पारा, तेज गर्मी अभी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


रायपुर समेत राज्य में दिन का तापमान अभी चालीस डिग्री के आसपास घूमता रहेगा। प्रदेश में वर्षा की गतिविधि होने की वजह से अगले तीन दिन तक तेज गर्मी पड़ने का अनुमान नहीं है। बुधवार शाम रायपुर में माहौल बना, मगर आसपास के कुछ शहरों में बारिश हो गई।

मई के महीने में कुछ दिन ही गर्मी ने अपना असर दिखाया है और अगले तीन दिन सामान्य गर्मी के साथ बीतने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना नहीं दिख रही है और आने वाली नमी की वजह से बारिश की गतिविधि लगातार बनी हुई है। बादल-बारिश की वजह से किसी भी शहर में तापमान तेजी से बढ़ने का अनुमान नहीं है। राज्य में आने वाली हवा अगर उत्तर-पश्चिम होती है, तभी इसके प्रभाव से तापमान में वृद्धि नजर आ सकती है। इसकी संभावना ▸▸ शेष पेज 13 पर



**प्रमुख शहरों का तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 39.8 |
| बिलासपुर | 39.0 |
| पेंड्रा | 38.3 |
| अंबिकापुर | 39.6 |
| जगदलपुर | 35.8 |
| दुर्ग | 40.4 |



ट्रेड मिल में रन करते 17 साल का किशोर हुआ बेहोश

## जिम में एक्सरसाइज करते किशोर की हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र स्थित संचालित जिम में एक्सरसाइज करते एक 17 साल के किशोर की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक मूल रूप से मध्यप्रदेश, बालाघाट का रहने वाला था। घटना बुधवार सुबह भनपुरी में संचालित स्पेज जिम की है।



पुलिस के मुताबिक हार्ट अटैक आने से सत्यम राहंगडाले की मौत हुई है। सत्यम अपने माता-पिता के साथ धनलक्ष्मी नगर में रहता था। सत्यम के पिता मसाला कारोबारी हैं। खमतराई टीआई एसएन सिंह के मुताबिक जिम संचालक के माध्यम से उन्हें सत्यम की मौत की जानकारी मिली। जिम संचालक ने पुलिस को बताया है कि सत्यम सुबह जिम में एक्सरसाइज करने के लिए आया था। इसी दौरान वह ट्रेड मिल में दौड़ रहा था। दौड़ने के दौरान संजय को चक्कर आया और वह बैठ गया और फिर वह बेहोश होकर गिर गया। इसके बाद संजय को उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने संजय को आंबेडकर अस्पताल शिफ्ट किया। आंबेडकर अस्पताल ▸▸ शेष पेज 13 पर

### अटैक आने का यह भी कारण हो सकता है

जिम में एक्सरसाइज करने के दौरान पूर्व में भी कई मौत की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अपने आप को फिट रखने एक्सपर्ट की बगैर सलाह एक्सरसाइज करने के साथ ही सप्लीमेंट्स का मनमाना तरीके से सेवन करते हैं। कई सप्लीमेंट्स के क्लीनिकल ट्रायल भी नहीं होते। ज्यादातर जिम संचालक इनकी जानकारी रखते हैं, लेकिन कम समय में अच्छी बाडी बनाने के लिए लोग सप्लीमेंट्स, अनरेगुलेटिड डाइट पिल, वेट लास ड्रग का इस्तेमाल करते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक होता है।

### कहते हैं एक्सपर्ट

एसीआई के कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के मुताबिक संजय की मौत के तीन कारण हो सकते हैं। पहला कारण संजय ने क्षमता से ज्यादा एक्सरसाइज की होगी, दूसरा कारण संजय को पूर्व से ही हार्ट संबंधित कोई बीमारी रही होगी, जिसने जिम ज्वाइन करने से पूर्व स्क्रीनिंग नहीं कराया होगा, तीसरा कारण संजय को जन्मजात कोई बीमारी रही होगी जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता था।

## दुर्गा विहार डूंडा में अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक, नींव तोड़ रास्ते में खोदा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम जोन 10 और मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता की टीम ने कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के दुर्गा विहार डूंडा में अज्ञात व्यक्ति द्वारा 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर एक्शन लेते हुए रोक लगाई। तोड़ूदस्ते ने थ्रीडी मशीन से अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनाई गई मुरुम रोड को काटा। नगर निगम की टीम ने अवैध प्लाटिंग के लिए किए गए सभी प्लाटों की डीपीसी को ▸▸ शेष पेज 13 पर



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

प्रथम और द्वितीय तल का सिस्टम खराब, प्रबंधन नहीं ले रहा सुध


## चिलचिलाती गर्मी में हॉस्टल का वाटर कूलर बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शासकीय जेएन मेडिकल कालेज में एमडी-एमएस की पढ़ाई कर रहे डाक्टरों को खरीदकर पानी पीने की मजबूरी है। पीजी हास्टल के प्रथम और द्वितीय तल का सिस्टम खराब होने की वजह से पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। काफी दिनों से पानी के लिए पैसे खर्च कर रहे चिकित्सा छात्र इसकी शिकायत प्रबंधन से कर चुके हैं, मगर उसकी ओर से कोई सुध नहीं ली गई है। जानकारी के अनुसार मेडिकल कालेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले दो सौ से अधिक छात्र तीन मंजिला ब्वायज हास्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। बताया जाता है कि यहां हर फ्लोर पर तीन वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से छात्रों के लिए पानी की व्यवस्था होती है। बताया जाता है कि पिछले कुछ समय से प्रथम और द्वितीय तल में लगाए गए वाटर कूलर की स्थिति खराब है। प्रथम तल का वाटर कूलर काफी समय से काम नहीं कर रहा है और द्वितीय तल के वाटर कूलर में बिना फिल्टर के पानी की सप्लाई ▸▸ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार






### खंडहर हो चुका भवन बनेगा हास्पिटल

उपयोग होने के बाद काफी समय से खंडहर में तब्दील हो चुके पुराने ब्वायज हास्टल की जगह नया अस्पताल भवन बनाने की योजना है। शासन द्वारा इस योजना को स्वीकृति दी जा चुकी है और वित्त विभाग की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद संभवतः अगले माह से इस पर काम शुरू किया जा सकता है।

### पढ़ाई के साथ ड्यूटी भी

पीजी की पढ़ाई करने वाले छात्र कालेज में अपनी पढ़ाई के साथ आंबेडकर अस्पताल में ओपीडी, इमरजेंसी सहित अन्य ड्यूटी भी करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उनके रहने की व्यवस्था मरचुरी के समीप स्थित भवन में की गई है। छात्रों की संख्या अधिक होने की वजह से एक कमरे में दो छात्र रहकर अपनी पढ़ाई करते हैं।

आवश्यक सूचना

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय रायपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4242238

# दिव्यांगजनों पर सरकार मेहरबान, अब नौकरी देने के लिए वित्त विभाग की अनुमति नहीं लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के दिव्यांगजनों पर मेहरबान है। सरकार के वित्त विभाग ने एक ताजा आदेश में साफ किया है कि दिव्यांगजनों के लिए खाली पदों के बैकलॉग की पूर्ति के लिए विभागों द्वारा विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियों के लिए अब वित्त विभाग की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। वित्त विभाग के संयुक्त सचिव ने इस संबंध में एक आदेश शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागायुक्त,सभी विभागाध्यक्ष और सभी कलेक्टरों के लिए जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि दिव्यांगों के लिए विशेष भर्ती अभियान के लिए यह शिथिलता 31 मार्च 2025 तक के लिए लागू रहेगी।

## 10 मई के आदेश में वित्त विभाग की अनुमति अनिवार्य थी



### इसलिए जारी हुआ आदेश

दरअसल सरकार के वित्त विभाग ने पांच दिन पहले ही 10 मई को एक आदेश जारी किया था। इस आदेश में कहा गया था कि लोकसेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले सीधी भर्ती के रिक्त पदों एवं अनुकंपा नियुक्ति के पदों को छोड़कर शेश सभी सीधी भर्ती के खाली पदों को भरने के पहले वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त करने के निर्देश हैं। इस संबंध में वित्त वर्ष 2024-25 से लोकसेवा आयोग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली संयुक्त राज्य सेवा परीक्षा में शामिल पदों को छोड़कर विभागों में राज्य लोकसेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले अन्य पगों पर भर्ती शुरु करने के पहले वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक होगी।

### विचार के बाद बदला आदेश

वित्त विभाग ने इसी मामले को लेकर 14 मई को एक और आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि पूर्व में जारी निर्देशों में आंशिक शिथिलीकरण करते हुए दिव्यांगजनों के लिए खाली पदों के बैकलॉग पदों की पूर्ति के लिए विभागों के विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियों के लिए वित्त विभाग की पूर्व अनुमति की आवश्यकता को समाप्त किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस फैसले के साथ सरकार राज्य के दिव्यांगों पर मेहरबान हुई है। उनकी नौकरी की राह अब आसान हुई है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया कला केंद्र का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को कला केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलाकारों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कला केंद्र का उद्देश्य शहर के कलाकारों को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के इच्छुक लोगों को सीखने का मंच प्रदान करना है। विदित हो कि कला केंद्र में गायन, वादन, ड्राइंग, गिटार, बांसुरी, तबला, ड्रम आदि विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केंद्र में रिकॉर्डिंग स्टूडियों भी है, जिसमें रिकॉर्डिंग की सुविधा है। कलेक्टर ने परिसर के पार्किंग स्थल और स्वीमिंग पूल परिसर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, रोजगार अधिकारी केदार पटेल, डिप्टी कलेक्टर अभिलाषा पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छाया और अनिला शिमला लोकसभा की ऑब्जर्वर नियुक्त




**रायपुर।** एआईसीसी ने पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को लोकसभा चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश में ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। एआईसीसी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, छाया वर्मा को शिमला लोकसभा क्षेत्र में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को शिमला लोकसभा क्षेत्र में ठियोग विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### योजनाएं बंद-बैंक खाता चालू वित्त विभाग ने मांगा हिसाब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरकार की कई ऐसी योजनाएं जो पूर्व में संचालित थीं, लेकिन अब बंद हो चुकी हैं, लेकिन इन योजनाओं से संबंधित बैंक खाते चालू हैं। सरकार के वित्त विभाग को यह जानकारी मिलने के बाद राज्य के सभी प्रमुख अधिकारियों को पत्र भेजकर बंद योजनाओं में रुकी राशि का ब्योरा देने के लिए कहा गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वित्त विभाग के संज्ञान में आया है कि पूर्व में संचालित लेकिन वर्तमान में बंद विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त राशि के विरुद्ध अव्यतित राशि बैंक खातों में शेष में उपलब्ध हैं। उनका संधान अभी राज्य एवं मैदानी कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है। विभागों से कहा गया है कि वर्तमान में बंद योजनाओं के विरुद्ध बैंक खातों में शेष अव्यतित राशि तत्काल प्रभाव से राज्य शासन के खाते में जमा कराएं।

## बीजापुर वनमंडल में खराब मौसम की वजह से खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई

# बेमौसम बारिश के कारण तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बस्तर में मौसम में आए बदलाव की वजह से अंधड़ और बारिश के कारण तेंदूपत्ता की खरीदी प्रभावित हो रही है। बस्तर वन वृत के चारो वन मंडल बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में इस सीजन में पौने तीन लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक तीन वन मंडल सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर में केवल 77 हजार 475 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हो पाई है। वहीं बीजापुर वन मंडल के फड़ में खराब मौसम की वजह से तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई है।

छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता का संग्रहण 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं 902 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से चल रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में प्रदेश के 12.50 लाख संग्राहक परिवार जुड़े हुए हैं। इस साल 16.72 लाख मानक बोरे का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 7.82 लाख मानक बोरे का संग्रहण किया जा चुका है। बस्तर के आदिवासी अंचलों में ग्रामीणों के लिए तेंदूपत्ता का संग्रहण आय का मुख्य स्त्रोत है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रति मानक बोरा में इजाफा करते हुए 5500 रुपये करने का वादा किया गया था। यही कारण है कि संग्राहक ज्यादा से ज्यादा मात्रा में तेंदूपत्ता का संग्रहण करने की तैयारी में थे, लेकिन बेमौसम बारिश के कारण तेंदूपत्ता की खरीदी प्रभावित हो रही है और ग्रामीण संग्राहकों में मायूसी छा गई है। बस्तर वन मंडल अपने खरीदी लक्ष्य से काफी दूर है। हालांकि तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जून के प्रथम सप्ताह तक चलेगा।



### तेंदूपत्ता खरीदी में लक्ष्य से पिछड़ा बस्तर

बस्तर वन वृत के अंतर्गत चार वन मंडल में बीजापुर में 1 लाख 21 हजार 600 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक खरीदी की शुरुआत ही नहीं हो पाई है। सुकमा वन मंडल में 1 लाख 8 हजार मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक केवल 51 हजार 739 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हुई है। वहीं दंतेवाड़ा में 19 हजार 200 मानक बोरा का लक्ष्य रखा गया है, यहां अब तक 17 हजार 621 मानक बोरा तेंदूपता की खरीदी हो गई है। बस्तर वन मंडल में 21 हजार 800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, अब तक 8 हजार 114 मानक बोरा की खरीदी हुई है। पिछले साल की तुलना में इस साल बारिश की वजह से तेंदूपता की खरीदी काफी प्रभावित हुई है।

### बीजापुर में खरीदी की नहीं हुई शुरुआत

मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि बस्तर में पिछले कुछ दिनों से तेज अंधड़ के साथ जमकर बारिश हो रही है। वहीं कुछ जगह पर ओलावृष्टि भी हुई है, इसके कारण तेंदूपत्ता की गुणवत्ता खराब हुई है। यही कारण है कि ठेकेदारों द्वारा मौसम को देखते हुए रोक-रोक कर खरीदी की जा रही है। बस्तर के अंतर्गत चार वन मंडलों में बीजापुर वन मंडल में सबसे बेहतर क्वालिटी का तेंदूपत्ता पाया जाता है, लेकिन यहां पर खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई है। बारिश की वजह से यहां तेंदूपत्ता खराब निकल रहे हैं, जिस वजह से इसकी खरीदारी नहीं हो पा रही है। वहीं बारिश के कारण फड़ में सूख रहे तेंदूपत्ता भी खराब हो रहे हैं।

## आचार संहिता के बाद बनेगी उपयोग की रणनीति

# पैट सीटी पर स्वास्थ्य मंत्री ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में पांच साल से अधिक समय से शो-पीस के रूप में रखी पैट सीटी मशीन के उपयोग के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अफसरों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस आधार पर आचार संहिता के बाद उपयोग के तरीके पर रणनीति बनाई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कुछ समय पहले आंबेडकर अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान कैंसर विभाग में डंप करोड़ों की पैट सीटी मशीन के उपयोग पर गंभीरता दिखाई थी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के साथ अन्य अधिकारियों को तीन माह के भीतर इसके उपयोग के तरीके पर रिपोर्ट देने का कहा था। बीच में लोकसभा चुनाव की व्यस्तता और आचार संहिता लगने की वजह से मामला अटक गया था। जायसवाल ने अफसरों से मशीन के संबंध में एक-एक जानकारी और कोर्ट में हुई कार्रवाई का ब्योरा मांगा है, ताकि इसके उपयोग पर आने वाली तमाम अड़चनों को हटाकर आम हित में इसका उपयोग किया जा सके। पैट सीटी मशीन की खरीदी और वर्तमान में उपयोग के संबंध में जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार करने निर्देश दिए हैं। अनुमान है कि चार जून के बाद आचार संहिता के शिथिल होने के बाद इस मामले में किसी तरह का ठोस निर्णय लिया जा सकता है।



### प्रशासकीय स्वीकृति जरूरी

सूत्रों के अनुसार इस मशीन का लाभ आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किस तरह मिलेगा, यह मामला प्रशासकीय स्वीकृति पर अटका है। सहमति मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन संबंधित कंपनी के इंजीनियरों को बुलाकर मशीन की उपयोगिता की जांच करेगी। मशीन के माध्यम से मरीजों की टेस्टिंग अस्पताल प्रबंधन के माध्यम से कराई जाएगी अथवा इसके लिए आउटसोर्सिंग की जाएगी, इस पर भी फैसला बाद लिया जाएगा।

### बारिश के पहले दवा का स्टॉक

स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग के अफसरों को अभी से बारिश के मौसम को लेकर अपनी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज से लेकर प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में हर तरह ही जरूरी दवाओं का स्टाक पर्याप्त मात्रा में होना चाहिए। बारिश के दिनों जो पहुंच विहीन क्षेत्रों के हेल्थ सेंटरों में अतिरिक्त स्टाक में दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए बराबर निगरानी करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

### जनहित में उपयोग का पूरा प्रयास

कैंसर मरीजों की जरूरतों और जनहित को ध्यान में रखते हुए उसकी उपयोगिता का पूरा प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए आने वाले दिनों में विस्तृत योजना बनाई जाएगी।

- श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री

# महापौर के बयान पर सियासत, भाजपा बोली- जिम्मेदारी नहीं संभाल पा रहे तो पद छोड़ें

## महापौर जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने से मुंह चुराने का काम कर रहे : सोनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के महापौर एजाज ढेबर के उस बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया है, जिसमें ढेबर ने कहा है कि रायपुर शहर की समस्याओं का निदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नहीं कर सकते और वार्डों में जो समस्याएं हैं, यह परेशानी हमेशा बनी रहेंगी।


बयान के बाद भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा, निर्वाचित महापौर ने पांच साल तक जनता के साथ अन्याय किया है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि का इस प्रकार से बयान अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। वो जिम्मेदारी नहीं संभाल पा रहे हैं, तो उन्हें पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। इधर भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी ने कहा, बड़े-बड़े वादे कर कांग्रेस की नगर सरकार जिस तरह नाकारा साबित हुई है, उसके बाद ढेबर अब जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने से मुंह चुराने का काम कर रहे हैं। दरअसल मेयर समेत तमाम कांग्रेसी नेता जमीनी समस्याओं और उनके सार्थक समाधान के उपायों से पूरी तरह दूर हैं और इसलिए पूरी कांग्रेस जन विश्वास खो चुकी है।




### 5 साल केवल काली कमाई में लगे रहे

सुनील सोनी ने कहा, ढेबर समेत तमाम सियासी जुमलेबाज कांग्रेस नेताओं ने पिछले पांच वर्ष के अपने शासनकाल में केवल शराब कारोबारियों, रेत माफियाओं, जमीन माफियाओं, काली कमाई में लगे बिल्डर्स, घोटालेबाजों के हितों का ही संरक्षण करने और अपनी-अपनी तिजोरियां भरने में अपना सारा ध्यान केंद्रित कर रखा था। श्री सोनी ने कहा कि एक सामान्य आदमी की समस्याओं को जाना होता और उसके समाधान के ठोस उपायों पर ध्यान दिया होता, तो 'समस्या बनी रहेगी' जैसा बयान देने की नौबत नहीं आती।



## खबर संक्षेप




### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश लाटरी आज

**तिल्दा नेवरा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक प्रवेश हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया किया गया था जिसके प्रवेश के लिए 15 मई को प्रातः 9:00 बजे लॉटरी निकाली जाएगी।

प्रभारी प्राचार्य जीके वर्मा ने बताया कि विद्यालय के सूचना पटल पर पात्र और अपात्र की सूची चस्पा कर दी गई है। जिसमें से पात्र आवेदनों में से प्रवेश हेतु लॉटरी निकाली जाएगी। वहीं लॉटरी से चयनित आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन कर प्रवेश 16 से 20 मई तक लेना होगा। सत्यापन व प्रवेश नहीं लेने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा। सभी पालकों को लॉटरी द्वारा चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने की अपील की गई है। प्राचार्य से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा एक में 50 सीट व कक्षा दो में 2 सीट पर प्रवेश हेतु लॉटरी निकाली जाएगी। शेष कक्षाओं हेतु पात्र विद्यार्थी सीधे सत्यापन पश्चात प्रवेश ले सकते हैं।

### गोदड़ीवाला धाम में मनाया साओ मंगल

**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम में बुधवार को साओ मंगल का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सत्संग-कीर्तन के बाद पल्लव साहव के बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सेवादारी हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, सुनील काशवानी, महेश हरजानी, शिवा खुबचंदानी, दीपक कारा, मंघाराम कुकरेजा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### सेन जयंती समारोह आज

**रायपुर।** कनौजिया सेन समाज, युवा मंडल सेवा समिति द्वारा 16 मई को सेन जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन स्मृति हॉल में सुबह 9.30 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन ने देते हुए बताया कि समाज की महिलाओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

---

योजना : नये सत्र के लिए विभिन्न माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया जा रहा बालवाड़ी का प्रशिक्षण

# बालवाड़ी में बच्चे होंगे शारीरिक और मानसिक रूप से परिपक्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासन की महत्वाकांक्षी योजना एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बालवाड़ी का संचालन राज्य के प्रत्येक स्कूल में किया जाना है। इसके अंतर्गत तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन डाइट बेमेतरा के मार्गदर्शन में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे, व्याख्याता थलज कुमार साहू, व्याख्याता जीएल खुटियारे एवं बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में शुरू हुआ। प्राचार्य जे के घृतलहरे ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि बच्चों का 85 प्रतिशत मानसिक विकास 6 वर्ष तक हो जाता है। इसलिए बाल्यावस्था की देखभाल बहुत ज्यादा जरूरी है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूल के बच्चों को उचित देखभाल, पोषण के साथ शिक्षा से जोड़ना है। साथ ही प्राथमिक शाला में प्रवेश के लिए तैयार करना है। इसके लिए स्कूल रेडिनेश प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया है। नई शिक्षा नीति में इस बात का प्रावधान किया गया है कि नन्हें-नन्हें बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश के पूर्व प्री प्राइमरी कक्षाओं में भर्ती कर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना है। बच्चों की दो माताएं होती है एक वह जो उन्हें जन्म देती है दूसरी वह माताएं जो उनको संवारती है उनका पालन पोषण करती है। आप दूसरी माताएं बनकर नन्हें-नन्हें बच्चों को संवारे और बालवाड़ी और आंगनबाड़ी के माध्यम से उनका पालन पोषण करें।



#### अलग-अलग थीम पर दिया जा रहा प्रशिक्षण

*बच्चों के विभिन्न आयामों के लिए इस प्रशिक्षण में विभिन्न गतिविधि के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका ज्योति बनाफ़र, नवाचारी शिक्षिका मंजू साहू, सुचिता निषाद, सीएसी उद्धव कुमार साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक रुचि राजपूत एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जयप्रकाश द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार की थीम के माध्यम से गतिविधि कराकर मनोरंजक ढंग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में बेमेतरा विकासखण्ड के 93 बालवाड़ी से संबंधित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं 93 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं, जो इस प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं। इसका उपयोग आने वाले सत्र में विद्यार्थियों को एक नये उत्साह के साथ शिक्षा दे सकें।*

### बारहवीं में रेशमा और 10वीं में भुनेश्वरी प्रथम

**मंदिर हसौद।** नगर पालिका मंदिर हसौद स्थित रानी दुर्गावती शा. क. उ.मा. विद्यालय का बारहवी व दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें कक्षा दसवीं में भुनेश्वरी साहु 90.01% लेकर प्रथम स्थान व पुजा जायसवाल 88.88% लेकर द्वितीय स्थान पर रहे व कक्षा बारहवीं मे वाणिज्य संकाय की छात्रा रेशमी ध्रुव 91% लेकर प्रथम स्थान व सानिया राय 82% के साथ द्वितीय स्थान पर रही। इनके उत्कृष्ट प्रर्दशन पर विद्यालय समिति व प्रभारी प्राचार्य कनौजे सर ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया।

---

## स्वामी आत्मानन्द स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना के अंतर्गत संचालित अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंग में मंगलवार को कक्षा पहली आदि कक्षाओं में प्रवेश हेतु लॉटरी निकाली गई।

प्राचार्य हरीश शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानन्द स्कूलों में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई तक निर्धारित थी। जिसमे सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। जबकि यह भर्ती प्रकिया सारे नियमों का अनुपालन करते हुए सम्पूर्ण पारदर्शिता के साथ की गई। प्रवेश प्रकिया को सम्पन्न करने लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशन में प्रवेश समिति गठित की गई थी। कक्षा पहली में 50 सीट है जबकि इन 50 सीटों में महतारी दुलार योजना के लिए कुछ सीटों निर्धारित थी, जबकि बीपीएल बालकों में भावेश निषाद, हर्ष कुमार लोधी, श्रीनाथ तम्बोली, विपुल जांगड़े, रुद्र कुमार लोधी, हर्षित देवांगन का चयन हुआ। प्रवेश प्रकिया में अनुविभागीय अधिकारी के प्रतिनिधि एवं तहसीलदार सीता शुक्ला, बीईओ आरंग एनपी कुर्रे, प्राचार्य शासकीय कन्या शाला सरोजनी केरकेट्टा, प्रतिनिधि सीईओ (जनपद) छत्रधारी सोनकर एडीईओ एवं सीएमओ आरंग के प्रतिनिधि इंजीनियर पोषण साहू तथा प्राचार्य हरीश शर्मा शामिल थे।

---

## पेज 11 के शेष...

### चालीस के इर्द-गिर्द .....

तीसरे सप्ताह में ही अधिक है। मानसून की गतिविधि जैसे-जैसे नजदीक आती जाएगी, वातावरण में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की मात्रा बढ़ जाएगी। इसके बाद तापमान बढ़ते ही बारिश की संभावना बढ़ जाएगी।

बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य स्थिति में रहा, जिसकी वजह से कल की तुलना में धूप कम रही। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा विदर्भ के ऊपर स्थित है। एक द्रोणिका कर्नाटक से विदर्भ तक मौजूद है। गुरुवार को राज्य में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### जिम में एक्सरसाइज ....

पहुंचने पर चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजन संजय का अंतिम संस्कार करने उसकी लाश बालाघाट लेकर गए। धनलक्ष्मी नगर में संजय ने कृष्णा इंग्लिश मीडियम स्कूल में कुछ समय पूर्व ही 10वीं कक्षा पास की है।

### दुर्गा विहार डूंडा ....

हटाया और बनाई गई नींव को तोड़ा। इस तरह वहां पहुंचने के मार्ग को खोद कर बाधित किया गया। वहां स्थित निर्माणाधीन भवनों के अवैध कनेक्शन को पावर कंपनी की सहमति से तत्काल काट दिया गया। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, नगर निवेशक निशिकांत वर्मा के नेतृत्व में जोन 10 अभियंता दिनेश सिन्हा, नगर निवेश सहायक अभियंता आशुतोष सिंह, उप अभियंता अतुल कुमार की उपस्थिति में थ्रीडी मशीन व मजदूरों की सहायता से अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई।

जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया, जिला कलेक्टर के आदेश और निगम आयुक्त के निर्देश पर रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के स्वामित्व की जानकारी शीघ्र मांगी गई है। जानकारी आते ही शासन के अधिनियम के प्रावधान अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी।

### चिलचिलाती गर्मी में ....

हो रही है। प्रथम तल में लगे तीन वाटर कूलर काम कर रहे हैं, मगर इतनी बड़ी संख्या में वहां रहने वाले छात्रों की प्यास बुझाने में सक्षम नहीं हैं। इसकी वजह से छात्रों को बाहर से खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है।

हास्टल सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन गाड़ी में भरकर पानी के जार हास्टल लाए जाते हैं। पीजी छात्रों का कहना है कि इस मामले की जानकारी हास्टल प्रबंधन को दी जा चुकी है, मगर आश्वासन के बाद भी उसकी ओर से समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

---

## अलग-अलग रेट पर बिक रही शराब

**आरंग।** शराब के महंगा होने से मदिराप्रेमियों को पहले से जेब ज्यादा ढीले करने पड़ रहे हैं, वहीं शराब दुकानों के कर्मचारियों द्वारा तय मूल्य से अधिक मूल्य पर शराब विक्रय से मदिरा प्रेमी खासे नाराज हैं। आरंग स्थित देशी शराब दुकान के कर्मचारी अपनी मनमानी करते हुए तय मूल्य से अधिक मूल्य में शराब विक्रय कर अपनी जेबे भर रहे है और यह कार्य आबकारी विभाग के नाक के नीचे चल रहा है। यहां शराब लेने वाले लोग बतातें है कि यहां दिन और रात शराब अलग–अलग रेट में विक्रय किया जाता है। उन्होने बताया कि देशी शराब दुकान में 110 रुपए के मसाला को 140 रुपए में बेचा जाता है, इस तरह से कर्मचारी प्रति पौवा 30 रुपए और बोतल में कई रुपए अवैध तरीके से वसूल रहे है। लोगों ने बताया कि ओवररेट के कारण कई बार गाली–गलौज और विवाद की स्थिति भी बन जाती है। यहां के कर्मचारी शासन को चूना लगाते हुए ओवर रेट की कमाई को आपस मे बांट लेते है, इससे इन्हे हजारों की कमाई होती है। यहां के शराब दुकानों में आए दिन तय मूल्य से अधिक में शराब बेचने की शिकायतें आम हैं फिर विभाग कोई कार्रवाई नही करता। जिससे ये बात साफ हो जाती है कि इस अवैध उगाही के धंधे में विभाग की मौन स्वीकृति है।



---

## पुरुषार्थ का आधार प्रेम हो तो आप युग निर्माता बन सकते हैं : आचार्य युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

मंगलवार को श्री सार्वजनिक गौरा गुड़ी समिति केवशी लोधी पारा के सप्त सोपान, सप्त संकल्प, भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ में रायपुर से आए व्यास पीठ से आचार्य पंडित युगल किशोर ने गोविंद माधव मदन मुरारी भजन से कथा की शुरुआत की गजेंद्र मोक्ष पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि द्वारिका नाथ निराधार के आधार हैं तथा उन्होंने कहा कि श्री हरि के सुदर्शन चक्र से काल रूपी मगरमच्छ का नाश हुआ। समुद्र मंथन पर उन्होंने कहा कि समय–समय पर यदि हम सत्संग के माध्यम से अपने मन का मंथन करें तो निश्चित है समझ रूपी अमृत हमें प्राप्त होगा और जीवन में मधुरता आएगी, आगे कहा की अन्य को सुखी करने के लिए जो स्वयं दुख (हलाहल विष) सह ले वही शिव है और जो स्वयं को सुखी करने के लिए दूसरों को दुखी करें वह जीव है अपनी गूढ़ व्याख्या में उन्होंने कहा कि मोहनी मोह का ही स्वरुप है और जो मोहिनी के आसक्त हो जाए उसे भला अमृत कैसे मिल सकता है।

आचार्य युगल ने कहा कि अगर दृष्टि सुधरेगी तो सृष्टि भी सुधर जाएगी और श्रीमद् भागवत में अष्टावक्र कथा से स्पष्ट है कि परमात्मा कृति को देखते हैं और मनुष्य आकृति को इसलिए भेद बुद्धि से भगवान नहीं मिलेंगे, भागवत के श्लोक का वर्णन करते हुए उन्होंने सनातन धर्म के चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की व्याख्या की और कहा कि धर्म ही पहली सीढ़ी है, वास्तव में धर्म का अंतिम और उत्कृष्ट अर्थ केवल और केवल प्रेम है। प्रेम को पंचम और पवित्र पुरुषार्थ बताते हुए कहा कि पुरुषार्थ का आधार प्रेम हो तो आप युग निर्माता बन सकते हैं। आचार्य ने श्रोताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मानव में अन्य जीवों के प्रति प्रेम करुणा दया और क्षमा का भाव होना चाहिए। साथ ही शास्त्रेक्त प्रमाण देते हुए कहा की प्रकृति को माता स्वरूप माना गया है और इसके प्रति हमारे मन में करुणा जागरूकता का भाव हो तो कई त्रसदियों से बचा जा सकता है, उन्होंने जीव हत्या का भी निषेध किया। आचार्य युगल ने भगवान वामन के अवतार कथा के रहस्य को प्रकट करते हुए बताया कि राजा बलि जीवात्मा है और वामन परमात्मा, बलि राजा के गुरु शुक्राचार्य हैं इसका अर्थ है कि जो व्यक्ति शुक्र (गुरु) की सेवा वीर्य और ब्रह्मचर्य की रक्षा करता है अर्थात जो संयमी है वह परमात्मा की कृपा पा जाता है। राम अवतार में पंडित जी ने रामचरितमानस के हर पात्र को दिव्य बताया तथा कहा कि दसमुख और दशरथ के बीच राम है उन्होंने भरत के त्याग को आदर्श बताते हुए कहा कि उन्होंने राजपद नहीं राम पद का वरण किया। उन्होंने राजा मोरध्वज की पावन नगरी आरंग को प्रणाम करते हुए कहा कि धन्य है यह भूमि जहां भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का भी आगमन हुआ। आचार्य युगल ने जब श्री कृष्ण प्राकट्य का वर्णन किया तो श्रद्धालुगण परम आनंद की स्थिति में पहुंच गए। उन्होंने कहा कि चंद्र रोहिणी नक्षत्र में जब दिशाएं स्वच्छ हुई, आकाश निर्मल हुआ, नदी का नीर निर्मल हुआ, वन में पंछी और भवरे गुनगुनाने लगे, शीतल सुगंधित समीर बहने लगा, स्वर्ग में बाजे बजने लगे और मुनि और देवगण आनंद से पुष्प वृष्टि करने लगे उसी समय परम पवित्र सत चित आनंद स्वरूप श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी रात्रि मध्यान में कमलनयन चतुर्भुज नारायण भगवान बालक का रूप लेकर वसुदेव देवकी के समक्ष प्रकट हुए भगवान ने अपने श्री हस्त में शंख चक्र गदा और पदम धारण किए हैं चारों ओर प्रकाश बिखर गया और उनका चतुर्भुज स्वरूप यह बताता है कि उनके चरणों की शरण लेने वाला चारों पुरुषाथोंर् को सिद्ध कर लेता है जो भक्त अनन्यता से श्री हरि की आराधना करता है उसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों भगवान प्रदान कर देते हैं और कुछ पल बाद भगवान का चतुर्भुज स्वरूप अदृश्य हो गया और बाल कन्हैया प्रकट हो गए।





---

### //आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता विजय कुमार यादव, पिता स्व. श्री जगदीश प्रसाद यादव, निवासी- वार्ड नं- 05, दुर्गा चौक, लालपुर, रायपुर, जिला - रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- ग्राम- तामासिवनी, प. ह.नं. 00031, रा. नि. मं.- तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 1418, रकबा 0.1400 हेक्टे है जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक - 3768268 है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 14/05/2024

(गीतेश कुमार बैस)
अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 90090-57851

### //आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता उमंग सोनी, पिता- श्री रवि सोनी, निवासी- एम. जी. रोड, राधा कृष्ण मंदिर के पीछे, जवाहर नगर, रायपुर, जिला — रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- ग्राम- तोरला, प.ह.नं. 00006, रा. नि. मं.- तोरला, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 188, रकबा 0.040 हेक्टे व खसरा नं- 189, रकबा 0.020 हेक्टे. कुल रकबा - 0.060 हेक्टेयर है जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक- 3786591 है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 14/05/2024

(गीतेश कुमार बैस)
अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 90090-57851

### न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील सारागांव जिला-रायपुर छ.ग.

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र/ अ-27/ वर्ष 2023-24
सारागांव, दिनांक 13/05/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीराम साहू पिता बुधराम साहू निवासी सिलयारी द्वारा उल्लेख किया गया है कि ग्राम सिलयारी प.ह.न. 07 रा.नि.म. रायपुर 20 सिलयारी कुरूद स्थित खसरा नं 466/1 रकबा 0.4050 हे. भूमि रामखिलावन, शिवकुमार, हेमंत, होरा, रुपकुमारी पिता लखन, कालिन्द्रही बेवा लखन मनीराम पिता बुद्धु राम, रोहित, दुलारी, किसनी, रेखा, प्रीति, शकुन्तला पिता बैशाखू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को खाता बंटवारा करने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/05/2024 को उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर)

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला- रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खरोरा, तहसील-खरोरा, जिला रायपुर

:: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेम प्रकाश पिता मनोहर निवासी ग्राम भडहा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम भडहा प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. खरोरा तहसील खरोरा जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 15000 रकबा 1.107 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार खरोरा के आदेश के परिपालन में दिनांक 21.05.2024 को समय 2:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथी को ग्राम खरोरा स्थित पटवारी कार्यालय में दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी पश्चात किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति मान्य नही होगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म.- खरोरा
तह. खरोरा जिला-रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / / /2023-2024
रायपुर, दिनांक 28/04/2024
ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं. 59, तहसील व जिला रायपुर,

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरन लाल डहरिया पिता स्व. पन्ना लाल डहरिया निवासी 541 ख करण नगर चंगोराभाठा तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक की स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 169/22 का भाग रकबा 1829 वर्गफुट है। आवेदक उक्त परिवर्तित भूमि को दिनांक 25/10/2004 को पुस्तक क्रमांक अ ग्रंथ क्रमांक 30128 पृष्ठ क्रमांक 18/25 एवं दस्तावेज क्रमांक 2049 के माध्यम से रमेश कुमार सोनी पिता स्व. राम शरण सोनी निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया था। आवेदक पुरन लाल डहरिया उक्त भूमि को अधिग्रहण से पूर्व से ही उक्त भूमि मधुसुधन देवांगन पिता स्व. देवकुमार देवांगन निवासी चंगोराभाठा के द्वारा विधिवत कृषि भूमि से आवासीय प्रयोजनो हेतु दिनांक 24/01/1994 को परिवर्तित करवा दिया गया था जो की राजस्व राजिस्टर में अंकित है। उक्त परिस्थितियों में आवेदक का परिवर्तित भूमि को बी 1 पी 2 राजस्व रिकार्ड में सुधार कर कृषि भूमि के स्थान पर आवासीय परिवर्तित भूमि दर्ज करना न्यायाहित में आवश्यक है। वर्तमान समय में आवेदक द्वारा अपने उक्त आवासीय परिवर्तित भूमि का बी-1 पी 2 का खसरा ऑनलाईन प्राप्त करने के पश्चात उक्त परिवर्तित भूमि कृषि भूमि दर्शित हो रहा है। उक्त परिस्थिति में आवेदक का उक्त परिवर्तित भूमि को बी-1 पी 2 में सुधार कर कृषि भूमि के स्थान पर आवासीय परिवर्तित भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना न्यायहित में आवश्यक है। आवेदक की उक्त आवासीय परिवर्तित भूमि की बी-1 पी 2 अभिलेख में प्रविष्टि गलत जानकारी को सुधार कर टंकित किये जाने हेतु निवेदन किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 17/05/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर)

नायब तहसीलदार,
रायपुर

### विवाह बाद नाम परिवर्तन की आम सूचना

मैं श्रीमती रोशनी गनार उम्र लगभग 44 वर्ष पति श्री विकास गनार वर्तमान निवासी मोंटेश्वरी स्कूल के सामने टूरी हटरी, रायपुर (छ.ग.) की हूं जो की मेरा विवाह दिनांक 29.04.2013 को शंकर नगर रायपुर निवासी श्री विकास गनार से हुआ।

विवाह के पूर्व मैं कुमारी रोशनी झा पिता स्व. सतीश झा निवासनी टुरी हटरी, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) के नाम से जानी जाती थी और विवाह के बाद मैं श्रीमती रोशन गनार पति श्री विकास गनार के नाम से जानी जाती हूं। जिसके संबंध मे यह आम सूचना प्रकाशित है।

दिनांक- 15/05/2024

श्रीमती रोशनी गनार
पति श्री विकास गनार वर्तमान
निवासी मोंटेश्वरी स्कूल के सामने,
टूरी हटरी रायपुर (छ.ग.)

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5674 दिनांक 14.08.2023 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- EWS Flat-(2nd Floor) 11/203, को श्री अश्वनी कुमार वैष्णव पिता श्री मोतीदास वैष्णव, के नाम पर नामान्तरण किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 29.03.2023 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्री अश्वनी कुमार वैष्णव पिता श्री मोतीदास वैष्णव, निवासीः- झिरवान, मुंगेली, तहसील- लोरमी. जिला- मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमति राखी कुमारी पति श्री कुमार दीपक, निवासीः- पी3ए/48, नवा रायपुर, सेक्टर-27 नवागांव, तहसील-मंदिर हसौद, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- EWS Flat-(2nd Floor) 11/203, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

### // आम सूचना //

**मौजा ग्राम-हथबंद, प.ह.नं.-33, रा.नि.मं.- रायपुर-19-धनेली, तहसील-धरसींवा, जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता-श्री राकेश कुमार अग्रवाल पिता-श्री ब्रम्हानंद अग्रवाल निवासी- श्री साधना एक्सप्रेस, शॉप नं. 13, जैन पेट्रोल पंप के पीछे, ट्रांसपोर्ट नगर, टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 58/2 रकबा 0.1370 हेक्टेयर भूमि, जो कि वाके मौजा ग्राम- हथबंद, प.ह.नं.-33, रा.नि.मं.- रायपुर-19-धनेली, तहसील-धरसींवा, जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है। यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति को आपसी सहमति से क्रय करने का सौदा कर लिया गया है केवल विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है। अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 10 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 15/05/2024

(नीरज सत्यवानी)
अधिवक्ता
श्याम स्क्वेयर पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 93004-43482, 82510-36776

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# गर्मी के साथ बढ़ रही पानी की मांग, इस समय 290 एमएलडी, माहांत तक 300 पार संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में पानी की मांग बढ़ गई है। इस समय रोजाना 290 एमएलडी पानी की आपूर्ति फिल्टर प्लांट से हो रही है। माहांत तक पानी की यह मात्रा बढ़कर 300 एमएलडी पार पहुंचने की संभावना है। यही नहीं, गंगरेल डेम से शहर के लिए छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा को भी 15 से 20 फीसदी बढ़ा दिया गया है।

शहर में दिन का तापमान 40 डिग्री पहुंचते ही पानी की खपत बढ़ गई है। तेज गर्मी में पानी की डिमांड को देखते हुए नगर निगम के फिल्टर प्लांट से अब पहले की तुलना में 20 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति की जा रही है, जो इस माह के अंत तक 30 एमएलडी तक पहुंच सकती है।

नगर निगम का जल विभाग शहर की 43 नई, पुरानी पानी टंकियों से शहरवासियों को पीने का शुद्ध पानी नलों के माध्यम से पहुंचा रहा है। सामान्य दिनों में औसतन 270 एमएलडी पानी की खपत नगर निगम के 70 वार्डों में होती रही है, पर मई में गर्मी तेज होने पर पानी की खपत बढ़कर 300 एमएलडी तक जा सकती है।

## फिल्टर प्लांट से सामान्य दिनों में 270 एमएलडी पानी की रहती है डिमांड

### गंगरेल में 3.5 टीएमसी पानी शहर के लिए सुरक्षित

राजधानी रायपुर के 14 लाख की आबादी को बारहों महीना भरपूर पेयजल उपलब्ध कराने गंगरेल डेम में शहर के लिए हर साल 3.5 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा जाता है। नगर निगम के जल विभाग ने जल संसाधन विभाग के साथ शहरवासियों के पानी की डिमांड को ध्यान में रखते हुए 15 साल का एग्रीमेंट वर्ष 2015 में किया था। इसके मुताबिक गंगरेल डेम में शहर के लिए 3.15 टीएमसी रॉ वाटर प्रतिवर्ष के हिसाब से रिजर्व रखा जाता है। शहर के विस्तार को देखते हुए 2030 में होने वाले नए एग्रीमेंट में गंगरेल डेम से 4 टीएमसी पानी प्रति वर्ष सुरक्षित रखने की डिमांड की जायेगी। यानी 2030 में पानी की डिमांड करीब 1 टीएमसी बढ़ने की संभावना है।



### 20 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति

फिल्टर प्लांट से शहरवासियों को 20 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति की जा रही है। सामान्य दिनों में 270 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है, जबकि गर्मी बढ़ते ही 290 एमएलडी पानी की सप्लाई दे रहे हैं। यह मात्रा इस माह के अंत तक 300 एमएलडी तक पहुंच सकती है।

- नरसिंग फरेंद, प्रभारी अधिकारी फिल्टर प्लांट, नगर निगम रायपुर

## खबर संक्षेप



### गोदड़ीवाला धाम में मनाया साओ मंगल

**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम में बुधवार को साओ मंगल का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सत्संग-कीर्तन के बाद पल्लव साहव के बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सेवादारी हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, सुनील काशवानी, महेश हरजानी, शिवा खुबचंदानी, दीपक कारा, मंघाराम कुकरेजा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### सेन जयंती समारोह आज

**रायपुर।** कनौजिया सेन समाज, युवा मंडल सेवा समिति द्वारा 16 मई को सेन जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन स्मृति हॉल में सुबह 9.30 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन ने देते हुए बताया कि समाज की महिलाओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम और अतिथियों का स्वागत सम्मान होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशाली नगर भिलाई के विधायक रिकेश सेन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय श्रीवास करेंगे। विशेष अतिथि के रुप में समाज के केद्रीय अध्यक्ष गंगाराम सेन, रुपेश ठाकुर सहित समाज के लोग भारी संख्या में शामिल होंगे।

## निधन

### गोविंद विश्वकर्मा



**रायपुर।** अयोध्या नगर निवासी गोविंद विश्वकर्मा (33) का 15 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 मई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे देव, करण विश्वकर्मा के बड़े भाई और गौतम विश्वकर्मा के छोटे भाई थे।

### इंद्रा शर्मा

**रायपुर।** ब्राहमण पारा निवासी इंद्रा शर्मा (पौंता वाली) का 15 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 मई को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे सीएसईबी में इंजीनियर राकेश कुमार शर्मा, स्व. मुकेश शर्मा और अंजू शर्मा की माता थीं।

# पुलिस से बचने ड्रग मंगाने ली रैपिडो बाइक कुरियर की मदद

## एसी टू में लेकर आते रहे ड्रग्स का पार्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- होटल, फार्म हाउस की संलिप्तता जांच के दायरे में

एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की सेल ने दो दिन पूर्व नौ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सिंथेटिक ड्रग के साथ जिन्हें गिरफ्तार किया है, उन लोगों से पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। ड्रग तस्कर तथा पैडलरों से जो जानकारी मिली है, पुलिस उसकी जांच करने की बात कह रही है। ड्रग तस्करी के इस पूरे खेल में आयुश अग्रवाल तथा महेश सिंह खडगा मास्टर माइंड हैं।

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से जो ड्रग्स आता था, आयुश उसे मंगाने के लिए रैपिडो बाइक कुरियर की मदद लेता था। इसके लिए कुरियर के पैकेट में मेडिकल उपयोग की दवा का रैपर लगा दिया जाता था। इस तरह से ड्रग का पार्सल आसानी से आयुश तक पहुंच जाता था। इसके लिए उसे लोकल में लड़के रखने की जरूरत नहीं पड़ती थी। पुलिस के अनुसार दिल्ली से ड्रग का पार्सल लाने वाला लड़का एसी सेकेंड क्लास में सफर कर रायपुर पहुंचता था। पार्सल लाने वाला लड़का एमआर बनकर दवाओं के सैंपल के साथ ड्रग लेकर रायपुर स्टेशन में पहुंचता था। स्टेशन में पहुंचने के बाद वह ड्रग का पार्सल रैपिडो बाइक कुरियर के हवाले कर देता था।


आरोपियों के कब्जे से 2100 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग्स एवं 6630 मिलीग्राम कोकीन बरामद
कोकीन, ड्रग्स की रायपुर सप्लाई, वेब सीरीज के किरदार बनकर धंधा, होटल में पकड़े ग

### पुलिस सीसीटीवी फूटेज की जांच करेगी

पुलिस अफसर के मुताबिक आयुश राजधानी के किन होटलों में रुकता था, इसकी डिटेल निकाली जा रही है। इसके साथ ही आयुश होटल में रुकने के लिए किन लोगों की पहचान का उपयाग करता था, पुलिस अफसर इस बात की भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है। आयुश का होटलों में चेक इन से लेकर चेक आउट करने का पुलिस ने होटल संचालकों को सीसीटीवी फूटेज देने की मांग की है। इससे यह पता चल जाएगा कि आयुश होटल में रुकने के दौरान किन-किन लोगों से मिला है।

### जांच के दायरे में फार्म हाउस, होटल

पुलिस अफसर के मुताबिक आयुश जिन होटल तथा फार्म हाउस में अब तक रुका है, उसकी सूची तैयार कर जांच की जाएगी। साथ ही पुलिस अफसर ने ड्रग रैकेट में फार्म हाउस, होटल, पब, कैफे तथा क्लब की संलिप्तता की जांच करने की बात कही। पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि आयुश जिन होटल, क्लब तथा फार्म हाउस में रुका था, उस दौरान वहां किस तरह की पार्टी आयोजित की गई।

### कैटरर से बना ड्रग पैडलर

पुलिस के अनुसार महेश पूर्व में रायपुर में रहकर लंबे अरसे से पार्टियों में कैटरिंग का ठेका लेने का काम करता था। इसी दौरान महेश, आयुश के संपर्क में आया। महेश का कैटरिंग से मन उब गया, तो वह रायपुर से दिल्ली चला गया। महेश ने दिल्ली में किराए पर होटल लेकर संचालित करने लगा। इसी दौरान महेश, नाइजीरियन के संपर्क में आया और उनके माध्यम से आयुश के साथ मिलकर ड्रग तस्करी के धंधे में लिप्त हो गया।

### निशाने पर टीन एजर, युवा

पुलिस के मुताबिक आयुश का संपर्क रईस घरानों के टीन एजर तथा युवा युवतियों के साथ रहा है। जिन रईस घरानों के बच्चों के संपर्क में आयुश था, पुलिस को उसके मोबाइल से इसकी जानकारी मिल गई है। पुलिस को आशंका है कि आयुश जिन किशोर उम्र के बच्चे तथा युवाओं के संपर्क में था, उन्हें ड्रग बेचने का काम करता था।

# महादेव सट्टा एप संचालित करने डेढ़ सौ बैंक अकाउंट खुलवाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- अकाउंट खुलवाने मिलते थे पांच हजार रुपए
- गिरफ्तार आरोपियों में दो भिलाई तथा एक रायपुर निवासी

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप संचालित करने बैंक में काउंट खुलवाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने पुलिस को बताया है कि ऑनलाइन सट्टा संचालित करने अब तक डेढ़ सौ बैंक अकाउंट खुलवाए हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने छह मोबाइल फोन तथा एक बैंक अकाउंट जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक सट्टा संचालित करने बैंक अकाउंट खुलवाने के आरोप में महेश तांडी, भिलाई निवासी राहुल कुमार देवांगन तथा ई. शंकर राव को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि अकाउंट खुलवाने के एवज में उन्हें पांच हजार रुपए मिलते थे। इसके साथ ही जिन लोगों के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाते थे, उन्हें दो से तीन हजार रुपए दिए जाते थे।



### सेविंग अकाउंट में मिलते थे 40 हजार

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि नरेंद्र को जो बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे, नरेंद्र को उस बैंक अकाउंट में करंट तथा सेविंग अकाउंट की अलग-अलग कीमत मिलती थी। करंट अकाउंट के एवज में नरेंद्र को 40 तथा सेविंग अकाउंट के एवज में 20 हजार रुपए मिलते थे। उसी आधार पर नरेंद्र उन्हें अकाउंट उपलब्ध कराने के एवज में पांच हजार तथा खाता धारक को पैसे देता था।

### ओडिशा के रास्ते देशभर में अकाउंट का उपयोग

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने जिन लोगों के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाया है, उन बैंक अकाउंट्स को ओडिशा के किसी नरेंद्र निहाल को उपलब्ध कराते थे। नरेंद्र के पास बैंक अकाउंट के साथ अकाउंट्स से जुड़े अन्य दस्तावेज चेक, एटीएम सहित अन्य जानकारी नरेंद्र के पास भेज देते थे। इसके बाद नरेंद्र प्राप्त बैंक अकाउंट्स को दिल्ली, मुंबई, पुणे में बैठे सटोरियों तक पहुंचाने का काम करता था।

### नरेंद्र के संपर्क में ऐसे आया

महेश पूर्व में रायपुर में किसी कपड़ा दुकान में काम करता था। इसके बाद वह ओडिशा चला गया, वहां उसकी मुलाकात नरेंद से हुई। नरेंद्र ने महेश को अकाउंट खुलवाने के एवज में पैसे देने का लालच दिया। इसके बाद महेश ने ओडिशा से लौटकर अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर स्लम एरिया में रहने वाले 18 से 22 वर्ष के युवकों को पैसों का लालच देकर अकाउंट खुलवाने का काम किया। पुलिस के अनुसार खाता खुलवाने नया सिम कार्ड लेते थे।

# लाखेनगर, अमीनपारा, महादेवघाट मार्ग में फागिंग



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में मच्छरों के नियंत्रण के लिए बुधवार से एंटी लार्वा अभियान के साथ ही लाखेनगर, अमीनपारा, महादेवघाट मार्ग पर फागिंग कराई गई। 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर जनजागरूता अभियान चलाया जायेगा। इसके साथ ही शहर की स्लम बस्तियों में मच्छर नियंत्रण के लिए टीम बनाकर फागिंग कराने की तैयारी की गई है।

शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने नगर निगम प्रशासन 70 वार्डों में रुके हुये पानी वाली जगहों पर एंटी लार्वा और रिहाइशी इलाके में फागिंग करायेगा। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव के मार्गदर्शन में नियमित रूप से फागिंग कराने व्यवस्था की जा रही है। इसकी मानिटरिंग संबंधित जोन के कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जोन 5 क्षेत्र के ईदगाह भाठा लाखे नगर स्थित निरंकारी भवन में फागिंग कराई गई। इसी तरह अमीनपारा में शाम 7.30 बजे के बाद निगम की टीम फागिंग करने निकली। हाथ चलित मशीन की सहायता से रहवासी इलाके में फागिंग कराया गया। महादेवघाट मार्ग पर भी निगम की टीम सड़कों पर फागिंग करती देखी गई।

## पेज 11 के शेष ...

### चालीस के इर्द-गिर्द .....

तीसरे सप्ताह में ही अधिक है। मानसून की गतिविधि जैसे-जैसे नजदीक आती जाएगी, वातावरण में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की मात्रा बढ़ जाएगी। इसके बाद तापमान बढ़ते ही बारिश की संभावना बढ़ जाएगी। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य स्थिति में रहा, जिसकी वजह से कल की तुलना में धूप कम रही। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा विदर्भ के ऊपर स्थित है। एक द्रोणिका कर्नाटक से विदर्भ तक मौजूद है। गुरुवार को राज्य में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### जिम में एक्सरसाइज ....

पहुंचने पर चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजन संजय का अंतिम संस्कार करने उसकी लाश बालाघाट लेकर गए। धनलक्ष्मी नगर में संजय ने कृष्णा इंग्लिश मीडियम स्कूल में कुछ समय पूर्व ही 10वीं कक्षा पास की है।

### दुर्गा विहार डूंडा ....

हटाया और बनाई गई नींव को तोड़ा। इस तरह वहां पहुंचने के मार्ग को खोद कर बाधित किया गया। वहां स्थित निर्माणाधीन भवनों के अवैध कनेक्शन को पावर कंपनी की सहमति से तत्काल काट दिया गया। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, नगर निवेशक निशिकांत वर्मा के नेतृत्व में जोन 10 अभियंता दिनेश सिन्हा, नगर निवेश सहायक अभियंता आशुतोष सिंह, उप अभियंता अतुल कुमार की उपस्थिति में थ्रीडी मशीन व मजदूरों की सहायता से अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया, जिला कलेक्टर के आदेश और निगम आयुक्त के निर्देश पर रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के स्वामित्व की जानकारी शीघ्र मांगी गई है।

जानकारी आते ही शासन के अधिनियम के प्रावधान अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी।

### चिलचिलाती गर्मी में ....

हो रही है। प्रथम तल में लगे तीन वाटर कूलर काम कर रहे हैं, मगर इतनी बड़ी संख्या में वहां रहने वाले छात्रों की प्यास बुझाने में सक्षम नहीं हैं। इसकी वजह से छात्रों को बाहर से खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। हास्टल सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन गाड़ी में भरकर पानी के जार हास्टल लाए जाते हैं। पीजी छात्रों का कहना है कि इस मामले की जानकारी हास्टल प्रबंधन को दी जा चुकी है, मगर आश्वासन के बाद भी उसकी ओर से समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

# 15 कामगारों की टीम पाइप लाइन मरम्मत में जुटी, 8 घंटे तक चला काम

**रायपुर।** फिल्टर प्लांट के 47.5 एमएलडी रॉ वाटर पाइप से 80 एमएलडी प्लांट की नई पाइप लाइन में इंटर कनेक्शन का कार्य बुधवार को किया गया। इसके लिए 15 कामगारों की टीम सुबह 8 बजे से स्पॉट पर उतारी गई। मरम्मत और इंटर कनेक्शन का काम शाम 5 बजे तक चला। पाइप लाइन मरम्मत कार्य पूरा कराने 10 घंटे का शट डाउन लिया गया। इस दौरान शहर की 6 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। इस दौरान तेलीबांधा क्षेत्र से 3 पानी टैंकर की डिमांड प्रभावित इलाकों से आई। बैरनबाजार क्षेत्र में 1 पानी टैंकर की मांग आई, जबकि देवेन्द्र नगर पानी टंकी से कनेक्ट इलाके में लोगों ने सुबह के समय अपनी जरूरत के हिसाब से पानी भरकर रख लिया।



### तकनीकी टीम ने समयावधि पर किया पूरा काम

जल विभाग द्वारा फिल्टर प्लांट के 80 एमएलडी के नये प्लांट के पाइप लाइन में इंटर कनेक्शन कार्य के लिए 15 कुशल कामगारों की टीम लगाई गई। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में 5 सिविल मेकैनिक, 4 वेल्डर, 4 सहायक और 2 हेल्पर के साथ तकनीकी टीम ने 8 घंटे की समय अवधि में यह काम पूरा किया।

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता विजय कुमार यादव, पिता स्व. श्री जगदीश प्रसाद यादव, निवासी- वार्ड नं- 05, दुर्गा चौक, लालपुर, रायपुर, जिला - रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- ग्राम- तामासिवनी, प. ह.नं. 00031, रा. नि. मं.- तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 1418, रकबा 0.1400 हेक्टे है जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक - 3768268 है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 14/05/2024

(गीतेश कुमार बैस)
अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 90090-57851

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता उमंग सोनी, पिता- श्री रवि सोनी, निवासी- एम. जी. रोड, राधा कृष्ण मंदिर के पीछे, जवाहर नगर, रायपुर, जिला — रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- ग्राम- तोरला, प.ह.नं. 00006, रा. नि. मं.- तोरला, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 188, रकबा 0.040 हेक्टे व खसरा नं- 189, रकबा 0.020 हेक्टे. कुल रकबा - 0.060 हेक्टेयर है जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक- 3786591 है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 14/05/2024

(गीतेश कुमार बैस)
अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 90090-57851

न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील सारागांव जिला-रायपुर छ.ग.

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र/ अ-27/ वर्ष 2023-24
सारागांव, दिनांक 13/05/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीराम साहू पिता बुधराम साहू निवासी सिलयारी द्वारा उल्लेख किया गया है कि ग्राम सिलयारी प.ह.न. 07 रा.नि.म. रायपुर 20 सिलयारी कुरूद स्थित खसरा नं 466/1 रकबा 0.4050 हे. भूमि रामखिलावन, शिवकुमार, हेमंत, होरा, रुपकुमारी पिता लखन, कालिन्द्रही बेवा लखन मनीराम पिता बुद्धु राम, रोहित, दुलारी, किसनी, रेखा, प्रीति, शकुन्तला पिता बैशाखू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को खाता बंटवारा करने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/05/2024 को उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला- रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक / / /2023-2024
रायपुर, दिनांक 28/04/2024
ग्राम चंगोराभाठा, प.ह.नं. 59, तहसील व जिला रायपुर,

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरन लाल डहरिया पिता स्व. पन्ना लाल डहरिया निवासी 541 ख करण नगर चंगोराभाठा तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक की स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 169/22 का भाग रकबा 1829 वर्गफुट है। आवेदक उक्त परिवर्तित भूमि को दिनांक 25/10/2004 को पुस्तक क्रमांक अ ग्रंथ क्रमांक 30128 पृष्ठ क्रमांक 18/25 एवं दस्तावेज क्रमांक 2049 के माध्यम से रमेश कुमार सोनी पिता स्व. राम शरण सोनी निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया था। आवेदक पुरन लाल डहरिया उक्त भूमि को अधिग्रहण से पूर्व से ही उक्त भूमि मधुसुधन देवांगन पिता स्व. देवकुमार देवांगन निवासी चंगोराभाठा के द्वारा विधिवत कृषि भूमि से आवासीय प्रयोजनो हेतु दिनांक 24/01/1994 को परिवर्तित करवा दिया गया था जो की राजस्व राजिस्टर में अंकित है। उक्त परिस्थितियों में आवेदक का परिवर्तित भूमि को बी 1 पी 2 राजस्व रिकार्ड में सुधार कर कृषि भूमि के स्थान पर आवासीय परिवर्तित भूमि दर्ज करना न्यायाहित में आवश्यक है। वर्तमान समय में आवेदक द्वारा अपने उक्त आवासीय परिवर्तित भूमि का बी-1 पी 2 का खसरा ऑनलाईन प्राप्त करने के पश्चात उक्त परिवर्तित भूमि कृषि भूमि दर्शित हो रहा है। उक्त परिस्थिति में आवेदक का उक्त परिवर्तित भूमि को बी-1 पी 2 में सुधार कर कृषि भूमि के स्थान पर आवासीय परिवर्तित भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना न्यायहित में आवश्यक है। आवेदक की उक्त आवासीय परिवर्तित भूमि की बी-1 पी 2 अभिलेख में प्रविष्टि गलत जानकारी को सुधार कर टंकित किये जाने हेतु निवेदन किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 17/05/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार,
रायपुर

विवाह बाद नाम परिवर्तन की आम सूचना

मैं श्रीमती रोशनी गनार उम्र लगभग 44 वर्ष पति श्री विकास गनार वर्तमान निवासी मोंटेश्वरी स्कूल के सामने टूरी हटरी, रायपुर (छ.ग.) की हूं जो की मेरा विवाह दिनांक 29.04.2013 को शंकर नगर रायपुर निवासी श्री विकास गनार से हुआ।

विवाह के पूर्व मैं कुमारी रोशनी झा पिता स्व. सतीश झा निवासनी टुरी हटरी, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) के नाम से जानी जाती थी और विवाह के बाद मैं श्रीमती रोशन गनार पति श्री विकास गनार के नाम से जानी जाती हूं। जिसके संबंध मे यह आम सूचना प्रकाशित है।

दिनांक- 15/05/2024

श्रीमती रोशनी गनार
पति श्री विकास गनार वर्तमान
निवासी मोंटेश्वरी स्कूल के सामने,
टूरी हटरी रायपुर (छ.ग.)

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5674 दिनांक 14.08.2023 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- EWS Flat-(2nd Floor) 11/203, को श्री अश्वनी कुमार वैष्णव पिता श्री मोतीदास वैष्णव, के नाम पर नामान्तरण किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 29.03.2023 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्री अश्वनी कुमार वैष्णव पिता श्री मोतीदास वैष्णव, निवासीः- झिरवान, मुंगेली, तहसील- लोरमी. जिला- मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमति राखी कुमारी पति श्री कुमार दीपक, निवासीः- पीआए/48, नवा रायपुर, सेक्टर-27 नवागांव, तहसील-मंदिर हसौद, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- EWS Flat-(2nd Floor) 11/203, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

// आम सूचना //

मौजा ग्राम-हथबंद, प.ह.नं.-33, रा.नि.मं.-रायपुर-19-धनेली, तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता-श्री राकेश कुमार अग्रवाल पिता-श्री ब्रम्हानंद अग्रवाल निवासी- श्री साधना एक्सप्रेस, शॉप नं. 13, जैन पेट्रोल पंप के पीछे, ट्रांसपोर्ट नगर, टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 58/2 रकबा 0.1370 हेक्टेयर भूमि, जो कि वाके मौजा ग्राम- हथबंद, प.ह.नं.-33, रा.नि.मं.- रायपुर-19-धनेली, तहसील-धरसींवा, जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है। यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति को आपसी सहमति से क्रय करने का सौदा कर लिया गया है केवल विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है। अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 10 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 15/05/2024

(नीरज सत्यवानी)
अधिवक्ता
श्याम स्क्वेयर पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 93004-43482, 82510-36776

Health Town

डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर | Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# नहीं मिल रहे छात्र, अब इवेंट मैनेजमेंट और कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कराएगा पत्रकारिता विवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश का एकलौता पत्रकारिता विवि अब इवेंट मैनेजमेंट और कंप्यूटर साइंस में एमएससी की पढ़ाई कराएगा। इसके लिए विवि द्वारा विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है। इन दो पाठ्यक्रमों के अलावा विवि आधा दर्जन अन्य पाठ्यक्रमों की शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2024-25 से करने जा रहा है। इनमें पीजी डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन, एमए हेल्थ कम्यूनिकेशन, एमए टूरिज्म एंड ट्रेव्हल कम्यूनिकेशन, एमए रूरल एंड ट्राइबल कम्यूनिकेशन, एमए डिजिटल मीडिया, एमएससी इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी भी शामिल है। इनमें से कुछ विषय मीडिया तथा पीआर से संबंधित हैं तथा शेष ट्रेव्हल, टूरिज्म तथा इवेंट सेक्टर से जुड़े हुए हैं।

- नए सत्र के लिए आवेदन 16 मई से, मेरिट आधार पर प्रवेश

विवि द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, विवि में सत्र 2024-25 में स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन 16 मई से शुरू होंगे। इस बार भी मेरिट के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। छात्रों को प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ktujm.ac.in में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन आज से प्रारंभ हो जाएंगे, लेकिन अंतिम तिथि की घोषणा अभी विवि द्वारा नहीं की गई है।

## परंपरागत पाठ्यक्रमों में कोशिशों के बाद भी नहीं मिल रहे हैं छात्र

### रविवि में पहले ही

जिन पाठ्यक्रमों की शुरुआत पत्रकारिता विवि में की जा रही है, उनमें से इवेंट मैनेजमेंट और एमएससी कंप्यूटर साइंस जैसे कई पाठ्यक्रम पं.रविशंकर शुक्ल विवि में पहले से ही संचालित हैं। नए पाठ्यक्रम में 40 से 60 सीटें हैं। सिलेबस सहित अन्य जानकारी विवि की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।



### पत्रकारिता पाठ्यक्रमों से मोहभंग

पत्रकारिता विवि में स्नातक स्तर पर बीए (पत्रकारिता एवं जनसंचार), बीएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, ग्राफिक्स और एनीमेशन) सहित पत्रकारिता संबंधित कई पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसी तरह से स्नातकोत्तर स्तर पर भी (एमए) जनसंचार, पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क सहित कई कोर्स संचालित हो रहे हैं। ये भी पाठ्यक्रम पत्रकारिता से संबंधित हैं। बीते कई सत्रों से इन पाठ्यक्रमों की सीटें नहीं भर पा रही हैं। पर्याप्त प्रचार-प्रसार किए जाने के बाद भी इन विषयों में छात्र दाखिला नहीं ले रहे हैं। इन विषयों के प्रति छात्रों का मोह भंग होते जा रहा है। अब विवि अन्य तरह के कोर्स प्रारंभ करने जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### डाटा हैंडलरों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर।** टीकाकरण से संबंधित जानकारियों को सुरक्षित तरीके से संग्रहित करने के लिए रायपुर एवं बिरगांव के शहरी इलाकों के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डाटा हैंडलरों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। जेएसई संस्थान के डाक्टर अंजम चटोराज, डाक्टर मैथिल पाटिल और जिला टीकाकरण डॉ. संजीव मेश्राम अधिकारियों ने उन्हें कार्य से संबंधित बारीकियां समझाई। आने वाले दिनों में टीकाकरण को लेकर विभिन्न अभियान राज्य स्तर पर संचालित किए जाने की तैयारी है।

### तीस जून तक थिसिस जमा करेंगे मेडिकल पीजी छात्र

**रायपुर।** एमडी-एमएस की पढ़ाई कर रहे छात्रों को 30 जून तक अपने थिसिस जमा करने का वक्त दिया गया है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा स्नातकोत्तर की परीक्षाएं दिसंबर में संभावित है। विवि द्वारा इस संबंध में तमाम चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को पत्र प्रेषित किया गया है।

### टैंकरों में निजात का पोस्टर

**रायपुर।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान के समर्थन में एचपीसीएल के पांच सौ टैंकरों में निजात का पोस्टर लगाया गया। पोस्टर लगाने का अभियान एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में बताया गया कि नशे से समाज के साथ परिवार का कितना बड़ा नुकसान होता है। निजात अभियान के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की।

### आपसी रंजिश के कारण मारपीट

**रायपुर।** आजाद चौक थाना में एक युवक ने दो अन्य युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक डिकेश सोनवानी ने गोलू तथा अतुल रगड़े के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। डिकेश ने पुलिस को बताया है कि आपसी रंजिश के कारण गोलू तथा अतुल ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की है।

### ट्रक ड्राइवर ने की मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक कार चालक ने एक ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राजेश शर्मा ने ट्रक सीजी 04 एमएन 2465 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया है कि ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए उसकी कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। ट्रक ठीक से चलाने के लिए कहने पर ट्रक चालक ने राजेश के साथ मारपीट की।

### अरमान नाला की सफाई

**रायपुर।** निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 3 क्षेत्र के अरमान नाला राजा तालाब में पोकलेन मशीन के माध्यम से कराई जा रही सफाई कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश पूर्व अरमान नाला क्षेत्र की सघन सफाई कराने जोन अधिकारियों को निर्देश दिए। ताकि जल भराव की समस्या बारिश के दौरान न आने पाये।

## चार चरणों तक हिंदू और मुसलमान करने वाले हार के भय से बदल रहे बयान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, चार चरणों 379 सीटों के चुनाव हो चुके हैं। जनता ने मोदी विभाजनकारी एजेंडे को नकार दिया है। मोदी को पता चल चुका है कि उनकी सरकार वापस नहीं आ रही है। जनता, इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने मतदान कर रही है। कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी हैं। देश के अगले प्रधानमंत्री राहुल गांधी ही बनेंगे। अब आखिरी के तीन चरणों में मोदी को यह बयान देने को मजबूर होना पड़ा है कि वह हिंदू-मुसलमान करने में भरोसा नहीं करते हैं, जबकि उनकी और भाजपा की पूरी राजनीति इसी के ईर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने कहा, देशभर में विपक्ष को ईडी, सीबीआई का भय दिखाने वाले प्रधानमंत्री मोदी सत्ता हाथ से जाने के भय से रोने को मजबूर हो गये हैं। यही जनता के वोट की ताकत है। निर्वाचित सरकारों को सत्ता और धन बल से गिराने वाले अपनी सरकार के जाने के डर से रोना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर और राहुल गांधी सच और जनता की आवाज उठा कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। देश में मोदी सरकार के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी है।

- इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, राहुल होंगे पीएम- बैज

## अधिकारियों-कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त

# लोस चुनाव ड्यूटी मानदेय का भुगतान मतदान के 2 दिन बाद ही मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान के 2 दिन के बाद ही मानदेय राशि का भुगतान कर दिया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय की राशि का जल्द से जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत प्रशासन ने मतदान के 2 दिन बाद ही डेढ़ करोड़ से अधिक मानदेय की राशि जारी कर चुनाव ड्यूटी में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। हालांकि मानदेय की राशि खातों में ट्रांसफर होने में 3 से 4 दिन लग गए। इधर मतदान के कुछ दिनों के बाद ही खातों में मानदेय की राशि मिलने पर अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है।

### चुनाव ड्यूटी मानदेय का भुगतान

चुनाव ड्यूटी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पद के अनुसार मानदेय तय है। इस बार जल्द से जल्द अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय मिल जाए, इसके लिए मतदान के एक दिन बाद ही राशि जारी कर दी गई थी। सभी के खातों में ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है।

- **उमाशंकर बंदे,** जिला उप निर्वाचन अधिकारी रायपुर



फाइल फोटो

### किसे कितना मिला मानदेय

| | |
|---|---|
| सेक्टर अधिकारी | 7500 |
| पुलिस सेक्टर अधिकारी | 7500 |
| पीठासीन | 1200 |
| माइक्रो आब्जर्वर | 1200 |
| मतदान सहायक दल कर्मचारी | 900 |
| निगरानी दल कर्मचारी | 1000 |
| उड़नदस्ता दल | 1000 |

### राशि ट्रांसफर करने छुट्टी के दिन भी खुला बैंक

*लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर में 7 मई को मतदान हुआ था। मतदान के एक दिन यानी 9 मई गुरुवार को मानदेय की राशि जारी कर दी गई थी। इसके दूसरे दिन कई कर्मचारियों के खातों में मानदेय राशि ट्रांसफर की गई। इसके दूसरे दिन महीने का दूसरा शनिवार का अवकाश था, लेकिन अधिकारियों-कर्मचारियों को जल्द से जल्द मानदेय मिले, इसे प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने छुट्टी के दिन भी बैंक खुलवाया और मानदेय की राशि ट्रांसफर कराई। प्रशासन की इस पहल पर भी अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है। नाम नहीं बताने की शर्त पर कुछ अधिकारी व कर्मचारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद मानदेय मिलने में कई हफ्ते लग गए थे। कईयों को तो फरवरी-मार्च तक मानदेय मिला है, लेकिन लोकसभा चुनाव का मानदेय कुछ दिनों के भीतर मिल गया है।*

### एक करोड़ 68 लाख से अधिक मानदेय राशि जारी

*लोकसभा चुनाव में सेक्टर अधिकारियों से लेकर पोलिंग मतदान दलों में शामिल पीठासीन, सहायक कर्मचारी, होम पोस्टल बैलेट मतदान दल, मतदान सुविधा केंद्र, निगरानी दल, उड़नदस्ता दल, पुलिस सेक्टर अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वरों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस तरह 11 सौ से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। इनमें प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या साढ़े सात हजार से अधिक है। मानदेय की राशि पद के अनुसार तय है। प्रशासन ने सभी को मानदेय जल्द से जल्द मिले, इसके लिए 1 करोड़ 68 लाख 88 हजार 50 रुपए की मानदेय राशि मतदान के एक दिन बाद ही जारी कर दी थी, जिसके बाद यह राशि दो से तीन दिन के भीतर अधिकारियों-कर्मचारियों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई।*

## एक्टिव केस शून्य होते ही कोरोना की नियमित रिपोर्टिंग अघोषित बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कभी दहशत की वजह से बनने वाली कोरोना की नियमित रिपोर्टिंग अघोषित रूप से बंद कर दी गई है। बारह दिन पहले जब राज्य में एक्टिव केस शून्य हुआ, इसके बाद से इसका ब्योरा जारी नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अफसर भी यह मानने लगे हैं कि कोरोना की गंभीरता समाप्त होने के बाद अब इसकी जरूरत नहीं है। अन्य राज्यों में इसकी नियमित रिपोर्ट सार्वजनिक करने की प्रक्रिया काफी समय पहले बंद की जा चुकी है, मगर छत्तीसगढ़ में आला अधिकारियों के निर्देश पर इसे जारी रखा गया था। पिछले कुछ महीनों से इसकी आवश्यकता नहीं समझी जा रही थी। अफसरों का यह भी तर्क था कि कोरोना से बचाव के विभिन्न तरीके मिलने के बाद इसकी गंभीरता भी समाप्त हो चुकी है। अब कोरोना संक्रमण को सर्दी-खांसी अथवा बुखार से अधिक नहीं माना जाता। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अघोषित रूप से इसकी नियमित रिपोर्टिंग सार्वजनिक करने की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। विभागीय स्तर पर इसकी जानकारी रखी जा रही है। 3 मई को राज्य में कोरोना के एक्टिव सात मरीजों को स्वस्थ घोषित किया गया था।

- बारह दिन से जारी नहीं हो रहा ब्योरा, अफसरों ने कहा- अब जरूरत नहीं

### सामान्य स्थिति

कोरोना अब अन्य बीमारियों की तरह सामान्य स्थिति में आ चुका है। इससे बचाव के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में लोगों को जानकारी हो चुकी है।

- **डॉ. डीके तुर्रे,** उपसंचालक एवं प्रवक्ता, स्वास्थ्य विभाग

## भाजपा पार्षदों ने घेरा गांधी सदन महापौर से इस्तीफे की मांग

*ढेबर के बोल पीएम भी शहर की समस्या दूर नहीं कर*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा पार्षद दल ने बुधवार गांधी सदन का घेराव करते हुए महापौर एजाज ढेबर से इस्तीफे की मांग की। गांधी सदन के मुख्य द्वार के सामने भाजपा पार्षदों ने दोपहर बाद नारेबाजी करते हुए महापौर मुर्दाबाद के नारे लगाये। भाजपा पार्षद महापौर के उस बयान को लेकर नाराज दिखे, जिसमें कहा गया कि नगर निगम में पानी, सफाई और बिजली की समस्या ऐसी है कि पीएम को भी बैठा देंगे, तो समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं होंगी। नगर निगम में ये समस्याएं खत्म हो जायेंगी, तो डिपार्टमेंट ही नहीं रहेगा।

नगरीय निकाय चुनाव से पहले राजधानी में महापौर के बयान पर बुधवार को बवाल मच गया। भाजपा पार्षदों ने महापौर के इस्तीफे की मांग को लेकर नगर निगम मुख्यालय का घेराव कर दिया। गांधी सदन के सामने भाजपा पार्षदों ने घंटों नारेबाजी की और महापौर के वक्तव्य को लेकर विरोध जताते रहे। महापौर एजाज ढेबर ने भाजपा पार्षद दल के हंगामे और इस्तीफे को लेकर कहा है, ये मुझसे 5 साल से इस्तीफा मांग रहे हैं। मैंने जो बयान दिया है, उसको गलत तरीके से पेश किया गया। मैं अपने उस वक्तव्य पर कायम हूं कि सफाई, पानी और लाइट की समस्या ऐसी है, जिसका 100 फीसदी समाधान नहीं हो सकता।

निगम मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों में नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, वरिष्ठ भाजपा पार्षद डॉ. प्रमोद साहू, अमर बंसल, चंद्रपाल धनगर, भोलाराम साहू, दीपक जायसवाल, टेसू-नंदकिशोर साहू, रवि ध्रुव, सुमन-राम प्रजापति सहित अन्य भाजपा पार्षद शामिल रहे।

## गूगल मैप में रेटिंग तथा गैस एजेंसी दिलाने का झांसा देकर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीर नगर तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र में गूगल मैप में रेटिंग तथा खम्हारडीह में गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर एक कारोबारी तथा एक महिला ने दो करोड़ 20 लाख 66 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ितों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक डीडीनगर आवासीय परिसर निवासी सत्यानंद शर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सत्यानंद ने पुलिस को बताया है कि उसके पास पांच मई को अज्ञात नंबर से वाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने सत्यानंद को गूगल मैप पर स्टार रेटिंग देने का टास्क पूरा करने पर इनाम मिलने का झांसा दिया। सत्यानंद के मुताबिक टास्क पूरा करने के एवज में उसे इनाम मिला। इसके बाद बिजनेस टास्क पूरा करने का झांसा देकर जालसाज ने सत्यानंद से अपने अकाउंट में नौ लाख 66 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।

- घटना कबीर नगर तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र की




### गैस एजेंसी दिलाने का दिया था झांसा

*खम्हारडीह थाना में सफायर ग्रीन निवासी सोनल सिंह जिंदल ने रतन मिश्रा तथा अन्य के खिलाफ दो करोड़ 11 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। सोनल ने पुलिस को बताया है कि वह बुटीक संचालक है। नया बिजनेस करने उसने अपने परिचित रतन से संपर्क किया। रतन ने अपने साथियों के साथ मिलकर गैस एजेंसी में मुनाफा मिलने की बात कह कर एजेंसी में पार्टनर बनाने का झांसा दिया। पार्टनर बनाने के नाम पर जालसाजों ने सोनल से वर्ष 2021-22 में 10 किस्तों में रकम हासिल की। लंबे समय तक एजेंसी का काम नहीं मिलने पर सोनल ने रतन से पैसे मांगे, तब रतन ने सोनल को पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक देकर कहा कि एजेंसी नहीं मिलने पर वह बैंक से रुपए निकाल सकती है। बैंक में सोनल ने चेक क्लीयरेंस के लिए लगाया, तो चेक बाउंस हो गया।*

## छग पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना से कर्मियों और पेंशनरों को मिली नई राह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का अध्ययन करने आई मध्यप्रदेश व पंजाब की टीमों ने योजना की भरपूर सराहना की हैं तथा इसे अपनी-अपनी विद्युत कंपनियों में लागू करने की मंशा जताई है। छत्तीसगढ़ पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में रायपुर स्थित मुख्यालय सेवा भवन डंगनिया में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने इस योजना को कर्मचारी हित का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना। पंजाब पॉवर कार्पोरेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि इस योजना से उन्हें नई राह मिली है।

### पीपीटी के माध्यम से योजना की दी प्रस्तुति

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार वर्मा तथा अतिरिक्त महाप्रबंधक विनोद कुमार अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से योजना की प्रस्तुति दी। बैठक में मध्यप्रदेश व पंजाब स्टेट सेक्टर की सात पॉवर कंपनियों से आए अधिकारियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम को बधाई दी। मध्यप्रदेश से आई टीम ने कहा कि यह मॉडल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलता देखना काफी सुखद है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह, पंजाब स्टेट पॉवर कार्पोरेशन से आए डीके गोयल, मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधि अमित मेहरोलिया ने कहा कि कंपनी की ओर कर्मियों के लिए सामाजिक दायित्व का बेहतर उदाहरण है।

### बीसीजी का टीका लगाने ट्रेनिंग

**रायपुर।** जुलाई अथवा अगस्त माह से राज्य में 18 साल से अधिक आयु वालों को टीबी से बचाव के लिए बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए जिलों में मैदानी अमले को ट्रेनिंग देने का काम पूरा किया जा रहा है। पिछले दिनों रायपुर जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस मामले की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, सीपीएम, बीईटीओ, एसटीएस लैब टैक्नीशियन मौजूद थे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आने वाले मितानीन का सहयोग लिया जाएगा। वैक्सीन लगाने के लिए टीबी के संभावित लक्षण के आधार पर लोगों की पहचान कर उन्हें निशुल्क वैक्सीन लगाया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तर पर तैयारी की जाएगी।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 19 मई को खोखो तालाब में नौका ....

## लाइव इवेंट

## 22 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण सिखाए जाएंगे 21 ओलंपिक खेल गेम

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभाकक्ष में बैठक हुई। इसमें अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर, खेल संघों के पदाधिकारियों एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे। जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मई से 11 जून तक किया जाएगा। इसमें सबजूनियर और जूनियर वर्ग के बालक-बालिका प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकेंगे। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 6 से 8 बजे एवं सांय 5 से 7 बजे तक निःशुल्क आयोजित होगा। खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाएगा। खेल विभाग द्वारा खेल सामग्री एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।



### शहर के पृथक मैदानों में प्रशिक्षण

प्रशिक्षण शिविर में व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, नेटबॉल, साफ्टबॉल, बेसबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, कुश्ती, स्क्वैश, टेनीक्वाईट, किक बॉक्सिंग, जूडो, ताईक्वांडो, कराते, भारोत्तोलन, कबड्डी को सम्मिलित किया गया है। रायपुर क्षेत्र के विभिन्न मैदानों पर नवोदित खिलाड़ियों के लिए खेल संघ के सहयोग से प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। खेल संघो के प्रशिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक प्रशिक्षण में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। ग्रीष्मावकाश में अधिक से अधिक बच्चों व उनके अभिभावकों से शिविर में शामिल कराने अपील की गई है। भाग लेने संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण जिला रायपुर के टी.निंगराज रेड्डी पर 94242-14947 में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सुधीर दीक्षित से 89827-47876 पर कार्यालय दिवस में समय 10.00 से 05.00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

## परंपरागत वादन पश्चात जारी किए गए नवमी से बारहवीं कक्षा के परिणाम

# मेधावियों की ख्वाहिश डॉक्टर, नर्स और प्रोफेसर बनना संस्कृत से प्रेम, इसलिए चुना अध्ययन का यह माध्यम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् के परिणाम बुधवार को जारी किए गए। दसवीं और बारहवीं कक्षा में टॉप-10 की सूची भी जारी की गई है। प्रदेश में नवमी से बारहवीं कक्षा तक संस्कृत माध्यम वाले 72 विद्यालय हैं, जबकि ऐसे विद्यालय जहां पहली से बारहवीं कक्षा तक संस्कृत की पढ़ाई होती हो, उनकी संख्या 82 है। चूंकि इनमें से अधिकतर दूरस्थ क्षेत्रों में हैं, इसलिए मेरिट लिस्ट में भी इन जिलों के छात्रों ने जगह बनाई है। पारंपरिक तरीके से वादन पश्चात विद्यामंडलम द्वारा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर मंडल सचिव अलका दानी सहित श्री दूधाधारी वैष्णव संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. तोयनिधि वैष्णव, आर्षज्योति गुरुकुल संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य मुकेश अहीर, रामबन्द्र संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश तिवारी के साथ अन्य विद्यालयों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

### कक्षा-बारहवीं

### मम्मी नहीं कर पाईं संस्कृत में पढ़ाई, मैंने पूरा किया उनका सपना



बलरामपुर के श्री रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा यामिनी भगत बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर रही हैं। उन्हें 86.43 प्रतिशत अंक मिले हैं। यामिनी प्रोफेसर बनना चाहती हैं। यामिनी बताती है कि रोजाना 2 से 3 घंटे पढ़ाई की। मम्मी संस्कृत पढ़ना चाहती थी। उनके समय में लड़कियों को संस्कृत नहीं पढ़ाया जाता था। ऐसे में मां की ख्वाहिश थी कि मैं संस्कृत लेकर पढ़ाई करूं। मां भगवती भगत गृहणी हैं और पिता सुनीलराम टीचर हैं। कई बार पढ़ाई करने का मन नहीं करता था, लेकिन उस वक्त भी लक्ष्य को ध्यान में रखकर पढ़ाई में डटी रही। परिणाम से खुश हूं आगे और बेहतर करने की इच्छा है।

### 8 घंटे नियमित पढ़ाई, शिक्षक बनना लक्ष्य

श्री रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की रीना पैंकरा ने चौथा स्थान हासिल किया है। उनकी इच्छा शिक्षक बनने की है। उनके पिता विसुन राम और माता पूर्णिमा बाई किसान हैं। रोजाना 8 घंटे पढ़ाई करती थी, ताकि लक्ष्य हासिल कर सके। रीना को 83 फीसदी अंक मिले हैं।

### संस्कृत में दिलचस्पी इसलिए यह माध्यम चुना, बनना है नर्स

बालोदाबाजार के राष्ट्रीय आदर्श प्राच्य संस्कृत विद्यालय की गानिया महिपाल ने 82.86 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वह बताती हैं कि रोजाना 8 से 9 घंटे सफलता के लिए पढ़ाई की। संस्कृत में इंट्रेस्ट था, इसलिए इस माध्यम के साथ पढ़ाई की। आगे बीएससी नर्सिंग में करना है। मां कमलाबाई गृहणी हैं, जबकि पिता परमेश्वर टीचर हैं। विद्यालय के प्राचार्य घनीराम महिपाल ने बताया कि उनके विद्यालय से कई छात्रों का चयन हुआ है। शिक्षकों द्वारा नियमित अध्यापन और मॉनिटरिंग कराई जाती है, ताकि छात्रों का प्रदर्शन बेहतर हो सके।

### ये हैं शीर्ष-10 छात्र

#### कक्षा- दसवीं

- 1 चन्द्रभागा कश्यप,जांजगीर-चांपा - 85. 57%
- 2 मेघना,मस्तुरी - 84%
- 3 मोहनमती,रायगढ़- 83.71%
- 4 डिंडेश्वरी, जांजगीर-चांपा - 83%
- 5 सुरेंन्द्र कुमार,सक्ती- 82.86%
- 6 संजना जगत, सक्ती- 82%
- 7 शिवम साहू व भारती, बलोदाबाजार व जांजगीर-चांपा - 81.71%
- 8 केशर, रायगढ़- 81.57%
- 9 संतोष व रितु कश्यप,जांजगीर-चांपा- 81.14%
- 10 लीलावती, जशपुर- 81%

#### बारहवीं कक्षा

- 1. यामिनी भगत,बलरामपुर- 86.43%
- 2 लक्ष्मी, बलोदाबाजार-85.29%
- 3 गुंजन राठौर, रायगढ़- 83.14%
- 4 रीना पैकरा, बलरामपुर- 83%
- 5 गानिया महिपाल,बलोदाबाजार 82.86%
- 6 पितांबर पैकरा,बलरामपुर- 82.71%
- 7 डबलू सिंह, महासमुंद- 82.43%
- 8 वैदिक झांकर व योगेश्वरी कश्यप, महासमुंद व जांजगीर-चांपा- 82 82%
- 9 काव्या व उर्मिला, जशपुर- 81.57%
- 10 केजर कोडिन, बलोदाबाजार- 81.29%

### कक्षा- दसवीं

### पिता हैं आठवीं पास, डॉक्टर बनना सपना

प्रदेश में प्रथम स्थान जांजगीर-चांपा की चन्द्रभागा कश्यप ने प्राप्त किया है। वह गोस्वामी रामरतन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिला जांजगीर-चांपा की छात्रा है। चंद्रभागा ग्यारवीं कक्षा में विज्ञान विषय लेना चाहती है। किसान परिवार से संबंध रखने वाली छात्रा चन्द्रभागा ने बताया, मेरे माता-पिता किसान हैं। मेरे पिता अनिरुद्ध कश्यप ने आठवीं तक पढ़ाई की है और माता गीरजाबाई ने कक्षा तीसरी तक पढ़ाई की है। गांव में केवल एक ही उच्चतर माध्यमिक स्कूल होने के कारण मैं संस्कृत विद्यालय में पढ़ाई कर रही हूं। मेरा सपना है कि मैं भविष्य में डॉक्टर बनूं। घर पर हम पांच बहन हैं। मैं दूसरे नंबर की बेटी हूं। घर की आर्थिक स्थिति अधिक अच्छी नहीं है, लेकिन पिता ने कभी किसी कॉपी-किताब की कमी होने नहीं दी। बिना कोचिंग रोजाना 6 से 7 घंटे की तक पढ़ाई करती रही।



### मां दसवीं में हुई फेल बेटी ने पूरा किया सपना

किसान विरेन्द्र कुमार और रेखा देवी की बेटी मेघना ने बोर्ड परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। बिलासपुर जिले के नजदीक छोटे से गांव सोनसरी में रहने वाली मेघना से हरिभूमि ने बातचीत की। मेघना ने बताया, मैं द्रोणाचार्य संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा हूं। गांव में किसी अन्य बोर्ड की परीक्षा का स्कूल मौजूद नहीं है, जिसके चलते मैं संस्कृत विद्यालय में पढ़ाई कर रही हूं। अगली कक्षा में बायो लेकर एमबीबीएस की पढ़ाई करना चाहती हूं। परीक्षा से तीन माह पहले मैंने तैयारी तेज की दी, जिसके लिए रोजाना स्कूल के बाद रात 8 से 1 बजे तक पढ़ाई करती रही। मेरे पिता 12वीं तक पढ़े हैं। मेरी मां 10वीं कक्षा में फेल हो गई थी, जिसके बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी। उन्होंने तय कर लिया कि अपनी बेटी को पढ़ाएंगे, इसलिए हमेशा मुझे प्रेरित करते रहे।



### संस्कृत में रुचि, शिक्षक बनने का सपना



किसान परिवार की बेटी संजना जगत ने बोर्ड परीक्षा में छठवां स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। संजना ने बताया, मेरे पिता हीराधर जगत और माता गीताबाई किसान हैं। हमारे परिवार में कई पीढ़ी खेती-किसानी का काम कर रही है। हम पांच बहनें हैं। संस्कृत भाषा में रुचि होने के कारण विद्यालय में दाखिला लिया, ग्यारवीं कक्षा में विज्ञान विषय का चयन कर शिक्षक बनने की आशा है। मैं आने वाली पीढ़ी को विषय संबंधित जानकारी देना चाहती हूं। वह सक्ती के सरस्वती संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दारीमुड़ा की छात्रा हैं।

### इलेक्ट्रिशियन का काम करते हुए पढ़ाई



प्रदेश के सरस्वती संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दारीमुड़ा जिला सक्ती के विद्यार्थी संतोष ने दसवीं बोर्ड में नौवां स्थान प्राप्त किया। संतोष ने बताया उनकी उम्र 25 साल है। वर्तमान समय में वह इलेक्ट्रिरिशियन का काम करता है। कुछ सालों पहले पिता की तबीयत खराब होने के चलते घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई, जिस वजह से पढ़ाई के साथ अन्य काम करने पड़े। जिसके बाद पढ़ाई करने का अवसर नहीं मिला, लेकिन एक दोस्त की सलाह पर संस्कृत बोर्ड का परीक्षा में दाखिला लिया।

## कैंपस इवेंट

## सिर्फ डिग्री पाने हो रही पीएचडी जासूस की तरह हों शोधकर्ता



**रायपुर।** महंत कॉलेज एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ। मुख्य वक्ता रविवि के प्रो.आरके ब्रह्मा ने कहा, भारत में ज्ञान की परंपरा खुली रही है। यहां पर शास्त्रार्थ होते रहते हैं। एक रिसर्चर को जासूस की तरह होना चाहिए ताकि अनुसंधान में बेहतर खोज को सामने लाया जा सके। अनुसंधान कर्ता एक अच्छा अधिवक्ता भी होता है, क्योंकि रिसर्चर अपने शोध अध्ययन को गहराइयों के साथ व्याख्या के साथ सामने लाता है। रिसर्च को एक स्टोरी की तरह पेश किया जाना चाहिए ताकि हर विषय और तथ्य आसानी से समझाया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई विषय नहीं जिसमें नए अध्ययन नहीं किए जा सके। शोध को सावधानीपूर्वक करना चाहिए। इसके लिए यह आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा साहित्य का अध्ययन पहले किया जाए।

### यह दौर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का

विशेषज्ञों ने इस दौरान वर्तमान में हो रहे शोध अध्ययन पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह दौर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। इसमें परिश्रम पर ही सफलता निर्भर करती है शोध अध्ययनकर्ताओं को तथ्यों की जांच करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। गलती होने से निष्कर्ष बदल सकते हैं। नई शिक्षा नीति तैयार की जा रही है। डॉक्टर कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में समिति को 30 करोड़ सुझाव प्राप्त हुए हैं। इस उदाहरण से समझ लिया जाना चाहिए कि शोध कितना महत्वपूर्ण हो सकता है।



### शिक्षकों का अपग्रेड रहना जरूरी

महंत कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी ने कहा, फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम दोनों महाविद्यालय का एक महत्वपूर्ण संयुक्त प्रयास था। आने वाले दिनों में महाविद्यालय ऐसे कई आयोजनों को लेकर रूपरेखा तैयार कर रहा है ताकि शिक्षकों को अपग्रेड रखा जा सके। रविवि के कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल ने कहा, शोध अध्ययन के क्षेत्र में यह बात देखने में आती है कि कई शोधकर्ता विषय का चुनाव डिग्री हासिल करने के लिए करते हैं लेकिन यह निरर्थक है। शोधकर्ताओं को ऐसे विषय का चुनाव करना चाहिए जो उनके अध्यापन से समाज के लिए प्रेरणात्मक बनाया जा सके। एयर कंडीशनर रूम में बैठकर डाटा कलेक्शन करना अच्छा लगता है, लेकिन शोध के परिणाम वास्तविक नहीं आते। शोध के परिणाम वास्तविक वहां पर आते हैं, जब एक शोधकर्ता फील्ड में जाकर तथ्यों का संकलन करता है। डॉ.मनोज मिश्रा, मिर्जा तोमर, प्रो.आरके झा सहित प्राध्यापक इसका हिस्सा बने।

## माता-पिता जीवन की सीढ़ी नहीं, बल्कि पेड़ की जड़

### बुजुर्गों की पीड़ा का नुक्कड़ नाटक में मार्मिक चित्रण

**रायपुर।** माता-पिता सीढ़ी के पहले पयदान नहीं होते हैं, बल्कि वे जिंदगी में पेड़ की जड़ की तरह होते हैं। पेड़ कितना भी बड़ा हो जाए वो जड़ के बगैर हरा-भरा नहीं रह सकता। कुछ तरह के संवाद बूढ़ेश्वर मंदिर चौक में नुक्कड़ नाटक के दौरान छात्राओं ने बोले। 'बुजुर्ग हमारी धरोहर' विषय पर शिवानी स्मृति संस्थान की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक में अलग-अलग घटनाओं को प्रस्तुत कर बुजुर्गों के साथ घर में होने वाले व्यवहार को सामने रखा। एक दृश्य में एक पिता अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए अपने बुजुर्ग माता-पिता को सर्वेन्ट क्वार्टर में भेजता है, वहीं छात्राओं ने एक अन्य दृश्य में बुजुर्ग माता-पिता को घर में भोजन के लिए अपमानित करने का दृश्य प्रस्तुत किया।




### वृद्धाश्रम नहीं भेजने की शपथ

*नाटक के अंत में बच्चों ने दर्शकों को अपने माता-पिता का सदैव सम्मान करने व कभी भी वृद्धाश्रम नहीं भेजने की शपथ दिलाई। नाटक में शामिल सभी छात्राओं ने पात्रों को अपने अभिनय से जीवंत कर दिया। गुजंन सोनकर (माता), राशि थवाईत (पिता), कुमकुम यादव , सारिका सोनकर और चेतना देवांगन (बेटे) सेजल सोनी व कुमकुम यादव (बहू) नंदिनी साहू (छोटा बच्चा) ने अपनी भूमिकाओं में सभी का दिल जीत लिया। अन्य पात्रों की भूमिका में नीलिका देवांगन, निकिता यादव, गीतिका साहू और मोहिनी दुबे रहे। प्रशिक्षक के रूप में शचि मिश्रा, नेहा सोनी, अनुराधा सोनी रहे।। शिवानी स्मृति सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह, नफीसा रंगवाला, शिरीन परवीन, वर्षा साहू, अनिता तिवारी सहित अन्य इसका हिस्सा बने।*




### दृश्यों ने रूलाया

दिल्ली में एक वृद्ध और बीमार मां को उसके परिजनों द्वारा नुक्कड़ में पड़े कूढ़े के ढेर में फेंका गया था, जहां कराहते हुए उस मां ने दम तोड़ दिया। इसकी बड़ी भावनात्मक प्रस्तुति छात्राओं ने दी। एक अन्य दृश्य में एक मां अपने बेटे से किसी बात का जवाब दो बार न मिलने पर तीसरी बार पूछती है तो उसका जवाब बेटे द्वारा चिढ़कर दिया जाता है। इस तरह के कई दृश्य प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से वर्तमान में वृद्धजनों की स्थिति समाज में दिखाई गई।

## पर्यावरण बचाने मददगार है सूखा-गीला कचरा प्रबंधन



**रायपुर ।** आवासीय क्षेत्रों के घरों में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करके निगम के सफाई मित्र को देने जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। जोन 9 के महर्षि वाल्मिकी वार्ड स्थित अवंति विहार क्षेत्र में भारतीय योग संस्थान ग्रुप की ज्योति गुप्ता, नीता भंडारकर, ममता अग्रवाल, गीता, शारदा अग्रवाल सहित अन्य समाज सेवी महिलाओं न स्वस्फूर्त आगे आकर घर-घर जाकर महिलाओं से चर्चा की। उनसे घर का सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखकर निगम सफाई मित्र को आव्हान किया । महिलाओं ने नगर निगम जोन 9 की टीम के साथ मिलकरअवंति विहार तालाब की श्रमदान करके सफाई की ।

## एक मई से रेलवे ने शुरू किया कैंप, प्रत्येक बच्चे पर विशेष ध्यान दे रहे प्रशिक्षक

# रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट ने लगाया खास तरह का समर कैंप सीखा रहे परंपरागत कलाएं, बालिकाओं की दिलचस्पी अधिक

**कार्नर न्यूज**

**शहर की बेटियां डांस व म्यूजिक में करियर बनाना चाहतीं है। रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन कैंप में इन दोनों विधाओं में बालिकाओं की संख्या यही बता रही है। इसके अलावा स्पोकन इंग्लिश, अबाकस के प्रति भी बालिकाओं में विशेष रुझान नजर आ रहा है।**

**रायपुर।** कुछ बनने की इसी ललक को देखते हुए इंस्टिट्यूट प्रबंधन की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रशिक्षक प्रशिक्षण के दौरान एक-एक बच्चे पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। यह कैंप एक मई से प्रारंभ हुआ है। इंस्टिट्यूट की ओर से हर साल इस ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन किया जाता है। हर बार इस कैंप में संख्या बढ़ रही है। बच्चों के साथ अभिभावकों का कैंप के प्रति झुकाव को देखते हुए इंस्टिट्यूट प्रबंधन डेढ़ महीने के इस कैंप में उन्हें परिपक्व करना चाह रहा है।



### वेस्टर्न डांस के प्रति रूझान अधिक

प्रशिक्षण प्रदान कर रहे विशेषज्ञों की मानें तो कैंप के दौरान आयोजित सेमिक्लासिकल नृत्य में इस बार आठ बालिकाओं से अधिक प्रशिक्षण ले रही हैं। इसी तरह स्पोकन इंग्लिश में बेटियों की संख्या 23 है। इस बार केसियो बजाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसमें बेटियां की संख्या 7 है। उन्हें कुमारी व अवंतिका प्रशिक्षण दे रहीं है। इसके अलावा अबाकस सीखने के लिए भी बड़ी संख्या में बच्चे पहुंच रहे हैं। उनकी संख्या 25 है। इसमें लड़कियों की संख्या 12 है। वेस्टर्न डांस सीखने के लिए 40 बच्चे पहुंच रहे हैं। उनमें 25 बेटियां हैं।

### बच्चे प्रशिक्षण देने के तरीकों से प्रभावित

प्रशिक्षकों की ओर से बच्चों को सीखाने के लिए इतने सरल तरीकों को अपनाया जा रहा है कि बच्चों को इस बात का एहसास भी नहीं हो रहा है कि वह किसी कैंप में हैं। बच्चों में डांस व म्यूजिक सीखने की गजब की ललक नजर आ रही है। सबसे अच्छी बात यह है कि अभिभावक भी बच्चों के साथ पहुंचते हैं और प्रशिक्षण देने के तरीकों से प्रभावित हैं। रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट ने डांस, म्यूजिक के अलावा कैंप में विभिन्न खेलों को शामिल किया है। फुटबॉल, बास्केटबॉल, वालीबॉल समेत सभी खेलों में बालिकाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहीं है। उनकी प्रतिभा देखकर प्रशिक्षक भी बेहद प्रभावित हैं।

## धर्म लाइव

# चित्रांश बंधुओं की बाइक रैली महाआरती में एकत्र हुए सैकड़ों



रायपुर। श्री चित्रगुप्त जयंती के अंतर्गत विविध आयोजन समाज द्वारा किए जा रहे हैं। कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त प्राकटउत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कड़ी में भगवान चित्रगुप्त मंदिर न्यू शांति नगर में सैकड़ों की संख्या में चित्रांश बंधुओं ने शाम 5 बजे मंदिर में एकत्रित होकर पूजा-अर्चना एवं आरती की। इसके पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। शाम 6 बजे बाइक रैली निकाली गई, जो शहर भ्रमण करते हुए चित्रगुप्त मंदिर बसंत विहार गोदवारा में संपन्न हुई। सभी ने वहां मंदिर में आरती पश्चात भोजन प्रसाद ग्रहण किया। बाइक रैली में आरपी श्रीवास्तव, रंजन श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, प्रमोद खरे, विट्ठल श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, मुकुल श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।

### सेन जयंती समारोह आज

कनौजिया सेन समाज द्वारा सेन जयंती समारोह का आयोजन 16 मई को किया जा रहा है। मायाराम सुरजन स्मृति हॉल में सेन जयंती का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। जिसमें सुबह 9:30 से 11:00 बजे महिलाओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यकारिणी सदस्य का स्वागत सम्मान सहित अन्य कार्यक्रम इस दौरान रखे गए हैं। सेन जयंती समारोह कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के सामाजिकजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह पदाधिकारियों ने किया है।

## समाज लाइव

# पढ़ाई में अव्वल रहें विद्यार्थी इसलिए समाज करेगा पुरस्कृत



रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 25 मई को अंबुजा मॉल में इसका आयोजन होगा। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया 150 बच्चों को चयन करके सम्मानित किया जाएगा। इसका पोस्टर विमोचन शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल ने किया। कक्षा नवमी से लेकर बारहवीं तक के ऐसे छात्र जिन्हें 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं, उन्हें इस दौरान सम्मानित किया जाएगा। छात्र पढ़ाई के लिए प्रेरित हो सकें और अधिक से अधिक अंक हासिल करें, इसलिए यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### गठित की गई है विशेष टीम

सम्मान समारोह में पुरस्कृत किए जाने के लिए चयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। बच्चों के सलेक्शन के लिए सिंधी काउंसिल महिला विंग द्वारा टीम गठित की गई है। इसमें राशि बलवानी, जूही दरयानी, लक्ष्मी चंचलानी, कशिश खेमानी, दीपिका जेठानी, सोनिया निंज्यानी, मानसी कुकरेजा आदि शामिल हैं। इनके द्वारा छात्रों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाएगा। इस आयोजन में मोटिवेशनल स्पीकर शिक्षाविद डॉ. जवाहर सूर्यशेट्टी, डॉ संदीप गांधी, मुकेश शाह और अलकक्षेंद्र मोगरे द्वारा बच्चों को कॅरियर टिप्स भी दिए जाएंगे।

## सिटी इवेंट

# कहानियां दिखाएंगी 'इंद्रधनुष' शहर में नाट्य मंचन कल से



रायपुर। संस्कार भारती 17 मई से तीन दिवसीय रंग संस्कार महोत्सव का भव्य आयोजन करने जा रहा है। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में आयोजित महोत्सव में हिंदी, छत्तीसगढ़ी और मराठी नाटकों का मंचन शाम को 6:30 से होगा। पहले ही दिन उद्घाटन सत्र में महाराष्ट्र नाट्य मंडल की सात लघु मराठी नाटिकाओं का इंद्र धनु (इंद्रधनुष) दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। नाटकों के निर्देशक प्रसन्न निमोणकर ने बताया कि इंद्र धनु का पहला रंग 'रक्तदान' होगा। योगेश सोमण लिखित 'रक्तदान' एक ऐसी महिला कर्मचारी की कहानी है, जिसने कभी किसी को रक्तदान तो क्या, कभी कोई दान अथवा सहयोग नहीं किया। उसे विवशतः रक्तदान करना पड़ रहा है। लघु नाटिका में रक्तदान के उपरांत उसकी मनःस्थिति में हुए बदलाव का भावनात्मक चित्रण है। इसमें रक्तदाता की एकल भूमिका को गौरी क्षीरसागर जीवंत करते दिखेंगी।

### 'विसंवाद' में दिशा सूचक संदेश

निमोणकर के मुताबिक इंद्र धनु के दूसरे रंग के रूप में योगेश सोमण लिखित 'विसंवाद' में एक प्रौढ़ दंपती किसी रेस्टोरेंट में बैठा है। क्या ऑर्डर करना है, मात्र इसी बात पर दोनों में नोकझोंक हो जाती है। अंततः शाम का समय इसी बहस में बीता देते हैं। इनके बच्चे विदेश में हैं और एकाकीपन से बचने के लिए संवाद सबसे अच्छा रास्ता है। फिर भले ही वह विसंवाद (बहस) ही क्यों न हो। इसके अलावा 'कलावंत' में पिता-पुत्र का अंतर्द्वंद्व देखने को मिलेगा। अन्य नाटकों की प्रस्तुति भी इस दौरान होगी।

● 40 साल बाद टूरी हटरी में भगवान जगन्नाथ के लिए तैयार हो रहा नया रथ

# 19 मई को खोखो तालाब में नौका विहार करेंगे जगन्नाथ

# पुरी से मंगाई गई श्रृंगार सामग्री, 23 से शुरू होंगे अनुष्ठान

प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत होती है। जगन्नाथ जी की वापसी के साथ इस यात्रा का समापन होता है। रथ यात्रा की शुरूआत होने से पहले कुछ परंपराएं मंदिरों में निभाई जाती हैं, जिसकी शुरुआत ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि से हो जाती है।

रायपुर। इस दिन शहर स्थित जगन्नाथ मंदिरों में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम को स्नान कराया जाएगा। स्नान के बाद पारंपरिक रूप से तीनों देवों को बीमार माना जाता है और उन्हें राज वैद्य की देखरेख में स्वस्थ होने के लिए एकांत में रखा दिया जाएगा। इस दौरान उनकी देख-रेख की जाती है और भक्तों के लिए मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। पुरानी बस्ती स्थित टूरी हटरी में 40 सालों के बाद भगवान जगन्नाथ के लिए नया रथ तैयार किया जा रहा है। इस बार रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और सुभद्रा नए रथ में सवार होकर शहर भ्रमण करेंगे।

### नौका विहार करने निकलेंगे श्री जगन्नाथ





कुशालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर के पुजारी अरविंद अवस्थी ने बताया, रविवार 19 मई को भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को मंदिर से बाहर ले जाया जाएगा। इस दौरान भगवान को खोखो तालाब में शाम 4:30 बजे से 6 बजे तक नौका बिहार कराया जाएगा। इस अवसर पर नाव को फूलों से सजाया जाएगा। तालाब का फेरा लगाया जाएगा। पारंपरा के अनुसार भगवान को लगातार एक माह तक स्नान कराया जाता है, जिसके बाद भगवान जगन्नाथ की तबीयत खराब हो जाती है। 22 जून को 108 बार भगवान श्री जगन्नाथ की प्रतिमा को स्नान कराया जाएगा। जिसके पश्चात 23 जून से लेकर 5 जुलाई तक मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। मंदिर के कपाट 6 जुलाई को खोले जाएंगे, जिसके बाद भगवान को भीगा हुआ हरा मूंग का पहला भोग लगाया जाएगा। इस दौरान भगवान को लगातार 9 दिनों तक खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। साथ ही अरसा, गुड़ चिला का भोग लगाया जाता है।

### अक्षय तृतीया से बन रहा रथ

गायत्री मंदिर स्थित जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो चुका है। अक्षय तृतीया से रथ बनाने का काम प्रारंभ हो चुका है। मंदिर समिति के अध्यक्ष विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया, मंदिर की सारी गतिविधियों, पूजा और अनुष्ठानों में जगन्नाथ पुरी के नियमों और परंपराओं का पालन किया जाता है। 6 जुलाई को नेत्र उत्सव की पूजा कर अगले दिन 7 जुलाई को धूमधाम के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी। जगन्नाथ पुरी में रथ बनाने के लिए नयागढ़ ओडिशा के दसपल्ला के जंगलों से लकड़ियां लाई जाती हैं। राजधानी में भी इसी जंगल से लकड़ियां आ रही हैं। सरई, धौरा और साजा की लकड़ियों से रथ बनाया जाएगा। पूजा व श्रृंगार की सामाग्री पूरी से मंगाए गए हैं।



### पुरी की तर्ज पर निर्माण

गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुरी की तरह ही समान लंबाई और ऊंचाई का रथ बनाया जा रहा है। जगन्नाथ स्वामी का रथ नंदीघोष 44.3 फीट ऊंचा और 16 पहियों का, बलभद्रजी का रथ तालध्वज 43.3 फीट ऊंचा और 14 पहियों का और सुभद्राजी का रथ देवदलन 42.3 फीट ऊंचा और 12 पहियों का होगा। नंदीघोष लकड़ी के 832 टुकड़ों से तैयार होगा। वहीं तालध्वज 763 और देवदलन 553 टुकड़ों से बनाए जाएंगे। करीब 20 टन लकड़ी लगने का अनुमान है। जगन्नाथ स्वामी के रथ का छत्र लाल या पीला, बलभद्र जी के रथ का छत्र लाल, हरा या नीला और सुभद्रा जी के रथ का छत्र काले रंग का होगा। नारियल की रस्सी से ये रथ खींचा जाएगा।

### 108 कलशों से श्रीविग्रह को स्नान रथयात्रा

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर 23 जून भगवान को स्नान कराने की परंपरा निभाई जाएगी। 108 कलशों से श्रीविग्रह को स्नान कराया जाएगा। इसके बाद नए वस्त्र भी पहनाए जाएंगे। स्नान पूर्णिमा से आषाढ़ अमावस्या तक भगवान अस्वस्थ रहेंगे। तब भगवान जगन्नाथ अज्ञातवास रहेंगे। उन्हें स्वस्थ करने काढ़ा दिया जाएगा। 6 जुलाई को नेत्र उत्सव मनाया जाएगा। नेत्र उत्सव में भगवान के स्वस्थ होने पर खिचड़ी का भोग अर्पित किया जाएगा।

### 15 दिनों के लिए पट रहेगा बंद

पुरानी बस्ती के दुरी हटरी के जगन्नाथ मंदिर पुरानी बस्ती 500 साल पुराना मंदिर है। यहां भगवान के लिए नया रथ बनाया जा रहा है। प्रबंधक ने बताया कि किसी मंदिर में पंचमी, कहीं नवमी और कहीं एकादशी तिथि पर काढ़ा पिलाने की रस्म निभाई जाएगी। भगवान को रथयात्रा पर विराजित करके गुंडिचा मंदिर ले जाने की परंपरा निभाएंगे। भगवान 10 दिनों तक अपनी मौसी के घर विश्राम करेंगे। देवशयनी एकादशी के दिन भगवान को वापस रथ पर विराजित करके मंदिर लाकर प्रतिष्ठापित किया जाएगा। पुरानी बस्ती स्थित जगन्नाथ मंदिर शाही स्नान के बाद 15 दिनों के लिए पट बंद रहेगा।

### ब्रह्म मुहूर्त में होगी पूजा

सदरबाजार स्थित 150 साल पुराने जगन्नाथ मंदिर में पुजारी परिवार के नेतृत्व में 7 जून को पूजन के बाद गाजे-बाजे के साथ यात्रा निकाली जाएगी। यहां ब्रह्म मुहूर्त अनुष्ठान कार्य शुरु हो जाएंगे। यात्रा कोतवाली चौक, कालीबाड़ी होते हुए टिकरापारा पुजारी पार्क के समीप गुंडिचा मंदिर में समाप्त होगी।

## बादलों की लुकाछिपी और गर्मी की छुट्टियां





रायपुर। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां जारी हैं, लेकिन चुभती हुई गर्मी में लोग बाहर निकलने से बच रहे हैं। ऐसे में जब बदली-बारिश के चलते बुधवार को शहर का पारा थोड़ा कम हुआ तो लोग भी मौसम के इस मिजाज का लुत्फ उठाने घरों से बाहर निकले। अन्य दिनों की अपेक्षा बुधवार को उद्यानों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की भीड़ अधिक रही।





# इंग्लिश से लेकर धार्मिक ज्ञान तक बच्चे जान रहे जीवन की बारीकियां



रायपुर। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा 20 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जगदलपुर, जशपुर, केशकाल, गरियाबंद, कवर्धा के भी बच्चों ने हिस्सा लिया है। जहां उन्हें निःशुल्क रुप से तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही धार्मिक ज्ञान, खेल, प्रार्थना, संगीत-संध्या, श्रीमद्भागवत गीता, अंग्रेजी एवं गणित विषय की शिक्षा दी जा रही है। डीडी नगर स्थित आश्रम में रोजाना सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा।

### निःशुल्क सीख सकते हैं इंग्लिश

छत्रपति शिवाजी स्कूल में पहली से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए स्कूल परिसर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 30 मई को किया जाएगा। निःशुल्क समर क्लास में रीडिंग, राइटिंग और स्पोकन इंग्लिश की कक्षा जारी है। दिन में दो पाली में अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहली कक्षा सुबह 8 से 9:30 बजे तक और दूसरी कक्षा 9:30 से 11 बजे तक संचालित की जा रही है। शहर स्थित पुरानी बस्ती और प्रोफेसर कालोनी दोनों ही संस्थानों में इसका आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 100 की संख्या में बच्चे पहुंच रहे हैं।

### सामाजिक सारोकार से जोड़ने प्याऊ घर संचालन

श्री बालाजी विद्या मंदिर में भी समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस दौरान बच्चों को श्रवण कौशल, वाचन कौशल, श्रुतिलेख, व्याकरण और लेखन शैली सिखाई जा रही है। इस समर कैंप के अंतर्गत छात्रों को सामाजिक सारोकार से जोड़ने स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों द्वारा प्याऊ घर की व्यवस्था सड़कों पर की जा रही है। साथ ही बॉस्केटबॉल और बॉलीबॉल का प्रशिक्षण स्कूल परिसर में दिया जा रहा है, जिसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया है।

**जगदलपुर जशपुर केशकाल के छात्र भी हो रहे शामिल**

## राज्य ओपन स्कूल बुधवार दोपहर जारी किए परीक्षा परिणाम

# ओपन स्कूल : दसवीं में 54% तथा बारहवीं में 66% छात्र उत्तीर्ण

# इस बार लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज लड़कों से ज्यादा

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। छत्तीसगढ़ ओपन स्कूल द्वारा बुधवार को जारी किए गए दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में इस बार लड़कियों आगे रही हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज अधिक रहा है। दसवीं की परीक्षा में 38 हजार 405 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 54.39 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। बारहवीं की परीक्षा 52 हजार 982 छात्रों ने दिलाई थी, इनमें 66.03 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट https://www.sos.cg.nic.in, https://www.results.cg.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### दसवीं : 53% बालक तथा 56% बालिकाएं उत्तीर्ण




छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में 2024 के लिए 41,019 छात्रों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 38,405 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 22,472 बालक तथा 15,933 बालिकाएं रहीं। इनमें से 38,396 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 20,884 है, अर्थात 54.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 56.16 तथा बालकों का प्रतिशत 53.13 है।

### प्रथम श्रेणी में रहे 14% छात्र

दसवीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 5,551 (14.45 प्रतिशत) है। द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 8,438 (21.97 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 6,750 ( 17.57 प्रतिशत) है। 145 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। 9 परीक्षार्थियों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं, जिनमें 4 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं तथा 4 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। एक परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम आरडब्ल्यूएल श्रेणी में रोका गया है।

2023 में दसवीं की परीक्षा में 34,161 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। इनमें 54.09% छात्र सफल रहे थे। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में 12वीं की परीक्षा में 62,051 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 33,352 बालक तथा 28,699 बालिकायें सम्मिलित हुई थीं। सम्मिलित परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 65.46% था। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### बारहवीं : 65% बालक तथा 67% बालिकाएं उत्तीर्ण

12वीं की परीक्षा में शामिल होने के लिए 55,490 परीक्षार्थियों ने आवेदन दिया था। इनमें से 52,982 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 28,365 बालक तथा 24,617 बालिकाएं हैं। सम्मिलित 52,982 परीक्षार्थी में से 49,285 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 32,543 अर्थात 66.03 प्रतिशत है। उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 67.37 तथा बालकों का प्रतिशत 64.88 है।

### प्रथम श्रेणी में 17% छात्र

परीक्षा परिणाम घोषित परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 8,622 (17.49 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 12,879 (26.13 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 10,364 (21.02 प्रतिशत) है। 678 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। 13 परीक्षार्थियों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गये, जिसमें 07 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण तथा 06 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। इस वर्ष परीक्षा के लिए 267 परीक्षा केन्द्र तथा 33 समन्वय केन्द्र बनाये गये थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीएसपी, महासमुंद, रायपुर और प्लेट कंबाइंड ने जीते अपने मैच



**रायपुर।** सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-19 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे दिन रोमांचक खेल का प्रदर्शन खिलाड़ियों ने किया। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 टीम बीएसपी विरुद्ध सरगुजा परिणाम बीएसपी ने यह मैच 126 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किया बल्लेबाजी सरगुजा दूसरी पारी दो विकेट पर 45 रन से आगे खेलते हुए 138 रन बनाकर आउट हो गई।

आरडीसीए रायपुर टीम महासमुंद एवं कोरबा परिणाम महासमुंद ने यह मैच 141 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किया। बल्लेबाजी में महासमुंद की टीम दूसरी पारी अपनी कल के स्कोर एक विकेट पर 156 रन से आगे खेलते हुए 279 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें स्वयं पांडे ने 73 रन आदित्य सिंह ने 69 रन आदित्य कुमार ने 63 रन बनाए। गेंदबाजी में कोरबा के अनुज कुमार शर्मा ने 5 विकेट लिए। बल्लेबाजी में कोरबा की टीम दूसरी पारी में 100 रन पर आउट हुई। विशेष सिंह ने 26 रन बनाएं। गेंदबाजी में महासमुंद के जयप्रकाश पांडे ने पांच विकेट लिए।

न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर विरुद्ध कांकेर के बीच मैच हुआ। जिसमें परिणाम रायपुर ने यह मैच एक पारी एवं 88 रन से जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। फॉलो ऑन खेलते हुए कांकेर की टीम अपनी दूसरी पारी में 103 रन बनाकर आउट हो गई। नितिन सिंह ने 36 रन बनाएं। गेंदबाजी में रायपुर के फैज खान ने 7 विकेट लिए।

राजहरा में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन एवं प्लेट कंबाइंड के बीच हुए मैच में प्लेट कंबाइंड ने यह मैच 10 विकेट से जीता एवं 7अंक प्राप्त किये। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड की टीम पहली पारी छह विकेट पर 138 रन से आगे खेलते हुए 170 रन बनाकर आउट हो गई। यश कुमार वारडाने 53 रन बनाएं गेंदबाजी बीसीए कुमार ईशान ने चार विकेट ईलेश कुशवाहा ने तीन विकेट लिए। में बल्लेबाजी में बीसीए की टीम दूसरी पारी में 103 रन पर आउट हुई। जिसमें ईशान राव ने 24 रन बनाएं। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के निखिल शर्मा ने 6 विकेट लिए। रुद्र प्रताप ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड की टीम ने दूसरी पारी 65 रन बिना किसी नुकसान के बनाए। जिसमें यश कुमार वरडा ने नॉट आउट 40 रन बनाएं।

### समर कैम्प में वॉलीबाल प्रशिक्षण ले रहे बच्चे



**रायपुर।** हटकेश्वर नाथ वॉलीबाल संघ रायपुर ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 अप्रैल से शुरू हुआ हो जो 31 मई तक किया जा रहा है। अभी तक प्रशिक्षण के लिए 50 बच्चे यहां पहुंच रहे हैं। गत वर्ष इसी ग्राउंड के माध्यम से केंद्रीय विद्यालय दो के 7 बच्चों का चयन केंद्रीय विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर स्पर्धा के लिए हुआ था तथा इस वर्ष भी चयन संभावित है। प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर के रेफरी एवं कोच दुर्गा प्रसाद पटनायक एवं वरिष्ठ खिलाड़ी ओम बागी द्वारा दिया जा रहा है और अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कलेक्टर की अध्यक्षता में रेड क्रॉस भवन में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण से संबंधित बैठक आयोजित की गई जिसमें हटकेश्वर नाथ वालीबाल संघ के सचिव ने भाग लिए। उन्होंने 2 वर्ष के अंतर्गत गतिविधियों की पूरी जानकारी ब्रोशर के रूप में उपलब्ध कराया। यहां हो रहे है प्रशिक्षण की जानकारी पूर्व में संचालनालय खेल विभाग को भी दे दी गई है

### रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता 19 से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 19 मई को रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता पुरुष एकल (आयु वर्ग 40), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40) हेतु कुल मिलाकर 03 वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 17.05.2024 (सायं 07.00 बजे तक) है। प्रतियोगिता में रायपुर जिला के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम सायं 6 से 8 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी (मो. 99810-55577) एवं प्रवीण निरापुरे (मो. 98271-82959) के समक्ष लिखा सकते हैं उपरोक्त जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

#### सेहत के लिए जरूरत से ज्यादा दवाओं पर निर्भरता घातक

# फिश ऑयल से विटामिन डी सप्लीमेंट तक अधिक सेवन हो सकता है खतरनाक

बैलेंस डाइट या खाने से विटामिन, मिनरल की कमी पूरी नहीं हो पाती तो सप्लीमेंट का सेवन किया जाता है। फिटनेस इंडस्ट्री में कई तरह के हेल्थ सप्लीमेंट आ रहे हैं। इनका प्रयोग दिन-पर-दिन बढ़ रहा है।

जब सप्लीमेंट की बात आती है, तो उनके बेनिफिट/स्वास्थ्य लाभ पर इतना प्रचार होता है कि कोई उनके साइड इफेक्ट की बात ही नहीं करता। उदाहरण के तौर पर बात करें तो आपने हमेशा व्हे प्रोटीन के फायदों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में सुना है?

शायद नहीं, या फिर 1-2 बार। लेकिन उस पर भी विश्वास नहीं किया होगा। लेकिन यह सही है कि किसी भी चीज का अधिक सेवन करने से उसके नुकसान भी होते हैं। उसी तरह वेटलॉस सप्लीमेंट हो या पुरुषों के लिए हर्बल सप्लीमेंट हो, हर हेल्थ सप्लीमेंट का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इसके साइड इफेक्ट भी होते हैं। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) किसी भी सप्लीमेंट की सेफ्टी और इफेक्टिवनेस के लिए उसकी सर्विंग के लिए जिम्मेदार नहीं होती है। इसके लिए मेकिंग कंपनी ही जिम्मेदार होती है कि उसका सप्लीमेंट पूरी तरह सही हो। ठीक से उपयोग किए जाने पर कुछ सप्लीमेंट फायदा पहुंचा सकते हैं। लेकिन कुछ सप्लीमेंट की गलत मात्रा शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है।



**विटामिन डी :** ह्यूमन बॉडी में 13 एसेंशियल विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन डी भी एक है। अक्सर जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनमें विटामिन-डी की कमी रहती है क्योंकि वे धूप में कम निकल पाते हैं। आपको यह जानकारी तो होगी ही कि विटामिन डी का मुख्य सोर्स सूर्य की रोशनी यानी धूप है।

विटामिन डी सप्लीमेंट दो रूपों में उपलब्ध होता है, विटामिन डी 2 (एर्गोकैल्सिफेरोल या प्री-विटामिन डी) और विटामिन डी 3 (कॉलेकैल्सिफेरॉल)।

विटामिन डी2 पौधों एवं कवक में पाया जाता है। वहीं विटामिन डी3 मनुष्यों और जानवरों में उत्पन्न होता है। हमारी बॉडी को भी विटामिन डी3 की जरूरत होती है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक जो लोग हल्की धूप में रहते हैं, उन्हें 400 आईयू प्रतिदिनविटामिन डी की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 600 से 800 आईयू के बीच विटामिन डी की मात्रा लेनी चाहिए। अगर आप बिल्कुल धूप में नहीं निकलते हैं तो यह मात्रा 1,000 IU तक पहुंच सकती है। हावर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए रोजाना रिकमेंडेड मात्रा पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 600 आईयू है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए रोजाना 800 आईयू विटामिन डी लेना बताया गया है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, विटामिन डी की अधिक खुराक लेना भी सही नहीं है। स्वस्थ लोगों में 100 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर (एनजी / एमएल) से अधिक विटामिन डी ब्लड लेवल अधिक कैल्शियम अब्जॉर्ब करने लगता है, जिससे मांसपेशियों में दर्द, मूड डिसऑर्डर, पेट दर्द, हड्डी कमजोर और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं।

**फिश ऑयल सप्लीमेंट :** ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर, मछली के तेल / फिश ऑयल को हार्ट डिजीज कम करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में 3 जनवरी, 2019 को पब्लिश हुई स्टडी के मुताबिक ओमेगा-3 फैटी एसिड की खुराक ने मध्यम आयु वर्ग, वृद्ध पुरुषों और महिलाओं में दिल के दौरे, स्ट्रोक या हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में बिल्कुल योगदान नहीं दिया था। ओमेगा-3 की अधिक सर्विंग लेने से हाई ब्लड प्रेशर, नाक से ब्लीडिंग, उल्टी, स्ट्रोक, इम्सोमेनिया, विटामिन ए टॉक्सिसिटी आदि समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए सप्लीमेंट की अपेक्षा मछली, फ्लेक्सीड, प्लांट ऑयल, अखरोट, दूध, दही, सोया प्रोडक्ट आदि का सेवन करें। डब्ल्यूएचओ संयुक्त ईपीए और डीएचए के 200-500 mg फिश ऑयल के दैनिक सेवन को रिकमेंड करता है और कोई भी फिश ऑयल सप्लीमेंट की एक खुराक आपको 300 एमजी ईपीए और डीएचए देती है।






## दिल और दिमाग की सेहत एक दूसरे पर निर्भर, दोनों को स्वस्थ रखना है तो करें ये तीन काम

क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। आइए दिल और दिमाग के इस कनेक्शन को समझने की कोशिश करते हैं।

### हार्ट और दिमाग का कनेक्शन

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड के



शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया।

आइए जानते हैं कि इन दोनों अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

### आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है।



## फेंगशुई में बुरी नज़र से बचाती है ईविल आई



फेंगशुई ईविल आई नकारात्मक ऊर्जाओं के खिलाफ एक बहुत मजबूत, पारंपरिक फेंगशुई रक्षात्मक उपकरण है। गोल घेरे के आकार में आंसू-बूंद के साथ एक इंद्रधनुषी नीला कांच का क्रिस्टल एक आंख जैसा पैटर्न बनाता है जो एक पारंपरिक फेंगशुई ईविल आई प्रोटेक्शन है. गोल रूप और नीला रंग विश्वास को दर्शाता है, जबकि मध्य में प्रतिनिधित्व, चाहे रंगीन या कांस्य में ढाला गया हो, एक पवित्रता, और सतर्कता को दर्शाता है।

इसका उपयोग व्यक्तिगत सुरक्षा, शिशुओं, पौधों और जानवरों, घर के बाहर या भीतर नकारात्मक ऊर्जा को दबाने के लिए किया जा सकता है। फेंग शुई ईविल आई न केवल नीले रंगों का एक आश्चर्यजनक संयोजन है जो ग्रीस में नीले और सफेद ऐतिहासिक संरचनाओं की प्राकृतिक सुंदरता में योगदान देता है, बल्कि यह ईविल आई प्रोटेक्शन के लिए एक फेंग शुई ताबीज भी माना गया है। ईविल आई का इस्तेमाल लोगों को बुरी नजर से बचाने के लिए किया जाता है। किंवदंती के अनुसार, यदि किसी को विरोधी या शत्रु द्वारा बुरी नजर दी जाती है, तो यह घातक हो सकता है या बड़ी परेशानी और दुख का कारण बन सकता है।

### घर के लिए ईविल आई प्रोटेक्शन

आप अपने घर की दीवारों को चमकीले पीले रंग से रंग कर खुद को और अपने घर को बुरी नजर से बचा सकते हैं, जो हानिकारक ऊर्जा को खत्म कर देता है। गहरे रंगों से बचना चाहिए।

### ईविल आई का उपयोग कैसे करें

आपके लिए एक बुरी नजर सुरक्षा घर होने के लिए, आपको नियमित रूप से आंतरिक स्थानों को साफ और अव्यवस्था मुक्त रखना चाहिए। जितना संभव हो उतना व्यवस्थित करें ताकि कमरे साफ-सुथरे और व्यवस्थित दिखें और आप महत्वपूर्ण वस्तुओं को जल्दी से ढूंढ सकें। इस तरह, आपके परिवार के सदस्य और यहां तक कि आपके पालतू जानवर भी स्वस्थ रहेंगे और उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा।

## कांसे के बर्तनों का करना चाहिए इस्तेमाल, इसके फायदे ही फायदे



कांसे का इस्तेमाल भरतीय घरों में सदियों से होता आया है। ये अंग्रेजी में बेल मेटल कहा जाता है और पीतल का एक मॉडिफाइड पॉर्म होता है। इसमें थोड़ा सा तांबा और टिन भी मिला होता है। कांसा एक ऐसा मेटल है जो बहुत ही आसानी से मिल जाता है, लेकिन इसकी लोकप्रियता इस बात से नहीं है कि ये आसानी से मिल जाता है बल्कि इस बात से है कि कांसा हमारे शरीर के लिए कितना महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कांसे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी शेयर की है और ये भी बताया है कि आखिर क्यों कांसा बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है। कांसे के बर्तन में पानी पीने से लेकर कांसे की थाली में खाना खाने तक क्यों ये सही हो सकता है। तो चलिए जानते हैं कि क्यों कांसा बहुत ही अच्छा साबित होगा। तो चलिए जानते हैं कांसे के फायदे... कैसे कांसा हो सकता है बेस्ट।

**कांसे के इस्तेमाल से तेज़ होता है दिमागः** आयुर्वेद में 'कांस्यम बुद्धीवर्धकम' कहा जाता है जिसका मतलब कै कि कांसे के इस्तेमाल से दिमाग तेज़ होता है। ऐसा माना जाता है कि कांसे का इस्तेमाल अगर खाने और पानी पीने के लिए रोज़ाना किया जाए तो ये हमारी इम्यूनिटी भी ठीक करता है क्योंकि कांसे से खाना प्यूरिफाई होता है।

### कांसे से गर्म रहता है खाना

कांसे के बर्तन लंबे समय तक गर्म रह सकते हैं। मेटल की प्रॉपर्टीज की बात करें तो ये हीट का अच्छा कंडक्टर है और इससे बहुत लंबे समय तक हीट रिटेन की जा सकती है। इससे खाना गर्म होता है और लंबे समय तक ये बर्तन खाने को एक जैसे तापमान पर बनाए रख सकता है।

### खत्म करते हैं जर्म्स


डॉक्टर दीक्षा के मुताबिक कांसा के बर्तनों में जर्मिसाइडल खूबियां होती हैं जो कांसे के प्रकार पर निर्भर करती हैं। ये खाने से संपर्क में आते ही कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक में ये खाने के बैक्टीरिया को मार सकता है।

### आपको डेयरी प्रोडक्ट से एलर्जी तो नहीं, इन संकेतों से पहचानिए

यदि आप नहीं जान पा रहे हैं कि क्या आपको डेयरी प्रोडक्ट सूट करते हैं या नहीं, तो इन संकेतों को पढ़कर आप जान सकते हैं। यदि इनमें से कुछ भी संकेत आप फील करें तो जानने के बाद आप किसी डॉक्टर से जरूर सलाह लें। वह आपको समझने में मदद करेगा कि आपको क्या करना चाहिए।

**गले में सूजन :** जब आपका इम्युन सिस्टम कमजोर हो जाता है तो उस समय हिस्टामाइन नामक एक केमिकल का प्रोडक्शन होने लगता है। फिर अन्य रसायन, जैसे कि IgE एंटीबॉडी, भी रिलीज होने लगते हैं और ये आपके पूरे शरीर में सूजन का कारण बनते हैं। अक्सर, आपका गला सबसे पहले इसे महसूस करता है। कई लोगों के लिए, एक गले में सूजन खाने से संबंधित एलर्जी से भी होती है। यदि डेयरी का सेवन करने के बाद ऐसा होता है, तो जितनी जल्दी हो सके एलर्जी की दवा लें।

**खराश और खांसीः** गले में खराश और गला ड्राय होना, जिसके कारण खांसी हो सकती है। हो सकता है इस कारण आपको सांस लेने में भी मुश्किल हो। यदि आप भी ऐसा ही कुछ डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद अक्सर फील करते हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टिमोथी स्पाल की झोली में गिरा सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड



बाफ्टा टीवी अवॉड्र्स का प्रसारण लंदन के स्थानीय समय के अनुसार शाम सात बजे से शुरू किया गया। इस साल इस शो की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट ने की है। पूरी दुनिया में इस टीवी शो के दीवाने इस अवॉर्ड नाईट का इंतजार करते रहते हैं। बाफ्टा टीवी अवॉड्र्स टेलीविजन की दुनिया के प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक पुरस्कार है। इस अवॉर्ड को पाना हर निर्देशक और आर्टिस्ट का सपना होता है। इस साल बाफ्टा टीवी अवॉड्र्स को जीतने के लिए 'द क्राउन' का सीधा मुकाबला 'सक्सेशन' और 'ब्लैक मिरर' से हो रहा है। वहीं 'द क्राउन' का अंतिम सीजन 2024 के अंत में लॉन्च किया जाएगा। यह शो चार नामांकन के साथ आगे चल रहा है।

बाफ्टा टीवी अवॉड्र्स का प्रसारण लंदन के स्थानीय समय के अनुसार शाम सात बजे से शुरू किया जाएगा। इस साल इस शो की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट करने वाले हैं। वहीं इस शो को बीबीसी पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा इसकी स्ट्रीमिंग बीबीसी आईप्लेयर पर भी की जाएगी। अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में यह शो दोपहर दो बजे के बाद देखा जा सकता है।

बाफ्टा टीवी अवॉड्र्स की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट करेंगे। वहीं विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए 'बेबी रेनडियर' के निर्माता रिचर्ड गैड के अलावा जेफ गोल्डब्लम, मार्टिन फ्रीमैन और एडन टर्नर जैसे सितारे वहां उपस्थित रहने वाले हैं। वहीं अगर विजेताओं की बात करें तो अभी तक सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जैस्मीन जॉब्सन को 'टॉप बॉय' के लिए मिलने वाला है और मैथ्यू मैकफैडेन 'सक्शेसन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही साथ लीडिंग एक्ट्रेस की ट्रॉफी 'हैप्पी वैली' के लिए सारा लंकाशायर को मिला और लीडिंग एक्टर के लिए टिमोथी स्पाल को 'द सिक्स्थ कमांडमेंट' के लिए यह पुरस्कार मिला।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढ़ की पहली डांस फिल्म "नाचा" का मुहुर्त



**रायपुर।** रुद्रांश फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले छत्तीसगढ़ की पहली डांस फिल्म "नाचा" का निर्माण होने जा रहा है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ी में होगी। फिल्म का मुहुर्त 12 मई को हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक महेश चंद्राकर हैं। महेश बॉलीवुड में कोरियोग्राफी कर चुके हैं।'नाचा' में मुख्य भूमिका में प्रसिद्ध अभिनेत्री अनिकृति चौहान एवं महेश चंद्राकर में नजर आएंगे। विशेष आकर्षण डांस प्लस प्रो के विनर रितेश पॉल , सुपर डांसर के फर्स्ट रनर उप लक्ष्मण, ऋतिक, कलप्रिता, लावण्या एवं लवनीत होंगे। अन्य प्रमुख कलाकार संजय महानंद, पुष्पेंद्र सिंह एवं अनुराधा दुबे होंगे। इस फिल्म में वेस्टर्न डांस के साथ छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों का तड़का देखने मिलेगा। छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य पंथी, राउत नाचा, गेड़ी, सुआ इस फिल्म में नज़र आएंगे। इस फिल्म के एक्सिक्यूटिव प्रोडूसर यशिका वैष्णव, प्रोजेक्ट हेड पूरन किरी, एसोसियेट डायरक्टर ज़ैदी इम्तियाज एवं क्रिएटिव हेड रोहित श्रीवास्तव हैं। छायांकन गौरव सदौरिया द्वारा किया जायेगा।

### भोजपुरी

## यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' के सेट से तस्वीरें हुई वायरल



भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री के यूनिक सुपरस्टार यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' के सेट से फोटोज खूब वायरल हो रही हैं। इसमें यश कुमार और सपना चौहान एक-दूसरे के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। इन वायरल तस्वीरों ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। बता दें कि इसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। यश कुमार की भोजपुरी फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' का भव्य निर्माण तन्वी मल्टीमीडिया के बैनर से किया गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दीपक शाह है। फिल्म की शूटिंग भव्यता के साथ हुई है। इसमें यश कुमार के साथ सपना चौहान की केमिस्ट्री शानदार होने वाली है, क्योंकि उन्होंने इस फिल्म में बेहतरीन काम किया है। इस बारे में यश कुमार ने कहा, 'सपना चौहान बेहद प्रतिभाशाली अदाकारा हैं। इस फिल्म में हमारी केमिस्ट्री लोगों को पसंद आएगी। यह पूरी फिल्म दर्शकों को खूब एंटरटेन करेगी। अभी हमने फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जल्द ही इसके पोस्ट प्रोडक्शन का काम शुरू हो जाएगा।' यश कुमार ने बताया कि फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' एक प्योर रोमांटिक फिल्म है और यह भोजपुरी सिनेमा की सबसे खूबसूरत फिल्मों में से एक होगी। उन्होंने कहा, 'यह मेरी फिल्मों की सेंचुरी है, इसलिए भी मेरे लिए खास है और मैं शुक्रगुजार हूं इस फिल्म के निर्माता का, जिन्होंने इस फिल्म को खास बनाने के लिए पूरे की जान लगा दिया है। इसके बाद हम सभी ने मिलकर फिल्म में अल्टीमेट काम करने की पूरी कोशिश की है, लेकिन फाइनल डिसीजन भोजपुरी सिने प्रेमियों को लेना है कि फिल्म उन्हें कैसी लगी।

## जेंडया का शानदार लुक

लाइफ स्टाइल




हॉलीवुड की मशहूर मॉडल और अभिनेत्री ज़ेंडया ने मेट गाला के सह-अध्यक्ष के रूप में अलग-अलग पोशाक के साथ प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया किया। ज़ेंडया का पहला लुक मेसन मार्जिएला के लिए जॉन गैलियानो द्वारा धातु के पक्षियों, पत्तियों और प्रकृति के अधिक संकेतों से परिपूर्ण एक जलपरी आकार वाली ऑर्गेना पोशाक थी। इस लुक को तैयार करने के लिए अभिनेत्री ने अपने लंबे समय के स्टाइलिस्ट लॉ रोच के साथ काम किया। ज़ेंडया की इस पहल को फैंस की खूब तारीफ मिली।

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आईब्रो को घना

हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं।

वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा उपयोग

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं। और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

## जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लगेंगी ब्यूटीफुल



फैशन

पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।



### सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन

कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

### वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन

अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे। जैसे-पैंथर प्रिंट, फ्लोरल प्रिंट, जिक जैक प्रिंट और पोल्का डॉट प्रिंट।

## इन घरेलू और आसान उपाय से चमक उठेंगे आपके बाल

खूबसूरत बाल पाने के लिए आजकल मार्केट में कई प्रोडक्ट्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन वे आपके लिए कितने असरदार है और कितने नुकसानदायक? इसका मालूम कर पाना जरा मुश्किल है। वहीं बदलते मौसम और सही पोषण न मिल पाने के कारण हमारे बालों की चमक धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है। बता दें कि इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### बालों में दही लगाने के फायदे

दही रुसी की समस्या को कम करने में मदद करती है। ड्राईनेस को कम करने और बालों को पोषण देने में सहायता करती है। बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है।

### मेथी दाना को बालों में लगाने के फायदे

मेथी दाना बालों की ग्रोथ में मदद करता है। साथ ही पतले बालों को वॉल्यूम देने का भी काम करता है। इसके अलावा हेयर ग्रोथ में भी मेथी दाना बेहद फायदेमंद होता है।

### क्या करें?

बालों को घना बनाने के लिए सबसे पहले मेथी दाने को बारीक पीस लें और छान लें। मेथी दाने को छान लेने के बाद इसे करीब 1 से 2 घंटे तक भिगोकर रख दें। इसे सूखाने के बाद आप इसमें 3 से 4 चम्मच दही को मिलायें। इन दोनों चीजों को मिक्स करके बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगायें। बालों में करीब 1 घंटे तक इसे लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से बालों को धो लें। बालों को पानी की मदद से अच्छी तरह से धो लें।

## एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। क्या आप जानती हैं कि लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है। इस विषय पर हमने शहनाज हुसैन से बात की है, उन्होंने हमें चेहरे पर लौंग का पानी लगाने के फायदे बताए हैं।



### क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है?

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

### क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं?

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं।

### क्या मैं रोज अपने चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हूं?

चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं। धूल के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिससे चेहरे पर ब्लैक और व्हाइटहेड्स होने लगते हैं। लौंग के पानी से आप चेहरे को क्लींज कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

फेस्टिवल और शादियो के मौके पर साड़िया चुने सावधानी से

# फेस्टिवल पर दिखना है खूबसूरत तो इन साड़ी लुक्स को करें ट्राई

*फेस्टिवल सीजन में हर किसी की अपनी तैयारी होती है। किसी को अपने लिए कपड़े खरीदने होते हैं तो कोई अपने लिए ज्वेलरी की शॉपिंग कर रहा होता है। लेकिन सबसे ज्यादा कंफ्यूजन है साड़ी को लेकर। क्योंकि उनके अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाते हैं। जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदते हैं। ऐसे में आप मार्केट में नए आए साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कर सकती हैं।*



### हैवी वर्क साड़ी

अगर शादी के बाद ये आपके ससुराल में पहले त्योहार हैं तो ऐसे में आप हैवी वर्क वाली साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको सीक्वेंस वर्क, थ्रेड वर्क और स्टोन वर्क साड़ी खरीद सकती हैं। आप इन्हें डे में पहनेंगी या नाइट में उसके हिसाब से कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप लाइट इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

### सिंपल साड़ी लुक

अगर आप सिंपल दिखना चाहती हैं तो इसके लिए आप शिल्पा शिंदे के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें उन्होंने सिंपल साड़ी स्टाइल (सिंपल साड़ी स्टाइल करें) की है। जिसमें लाइट वर्क हो रखा है। आप भी इस तरीके की साड़ी को फेस्टिवल में स्टाइल कर सकती हैं। बस आपको इसके कलर को अपने हिसाब से चूज करना होगा।

इस तरीके की साड़ी के साथ आप हैवी वर्क साड़ी को वियर कर सकती हैं। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि लाइट वेट होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी होती है। इन साड़ी के साथ आप हैवी इयररिंग्स और कर्ल हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं।

### सिल्क साड़ी करें स्टाइल

कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जिन्हें सिल्क साड़ी पहनने का काफी शौक होता है। इसके लिए आप हैवी और सिंपल वर्क दोनों तरह की साड़ी (रेडिमेड साड़ी को स्टाइल करने का तरीका) को चूज कर सकती हैं। आप चाहे तो कॉम्बिनेशन करके ब्लाउज भी स्टाइल कर सकती हैं। खास बात ये है कि ये साड़ी सीधे और उल्टे दोनों पल्लू से पहनी जा सकती है। आप इसमें कलर अपनी पसंद के हिसाब से चूज कर सकती हैं। सिल्क की सिंपल साड़ी में भी दिखेंगी लाजवाब, फॉलो करें ये स्टाइल टिप्स इस तरीके की साड़ी के साथ आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी को भी वियर कर सकती हैं। साड़ी के ऐसे और भी डिजाइन हैं जिन्हें ट्राई करके आप खूबसूरत लग सकती हैं।